# चलते रहे मंज़िल की ओर, भरोसे का कारवां बनता गया

















ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 137

# प्राकृतिक तरीके से करें बालों को डिटॉक्स

## ये चार स्टेप्स बदल देंगे बालों की रंगत

समर न्यूज़ | मोहाली



बाल झड़ने से लेकर असमय सफेद बाल होने की परेशानी की चर्चा हर कोई करता है, लेकिन 'हेयर डिटॉक्स' के बारे में कम ही लोग जानते हैं। जैसे पूरे शरीर की अंदरूनी तरीके से सफाई के लिए डिटॉक्स करना जरूरी होता है, वैसे ही बालों को डिटॉक्स करना भी बहुत जरूरी होता है। इससे डैंड्रफ और सिर की खुजली और बालों की खोई हुई चमक वापस मिल जाती है। आयुर्वेदिक तरीके से हेयर डिटॉक्स सिर्फ बालों की ऊपरी देखभाल नहीं है, बल्कि इसके जरिए समस्या की जड़ को खत्म कर स्थायी समाधान देना है। अगर हद से ज्यादा स्कैल्प ऑयली है और सर्दियों में रूसी बढ़ जाती है और बाल झड़ने की समस्या होने लगती है, तो सिर्फ 4 हफ्तों में इन सभी परेशानियों पर काबू पाया जा सकता है। हेयर डिटॉक्स स्कैल्प की गंदगी और तेल को हटाता है और अंदरूनी सफाई करता है, जिससे बालों को नई ऊर्जा मिलती है। अब जानते हैं कि ये करना कैसे है।

पहले हफ्ते बालों का शुद्धिकरण करें। इसके लिए हफ्ते में दो बार नीम और नींबू के तेल से बालों की अच्छी तरीके से मालिश करें। तेल का गुनगुना होना जरूरी है और फिर केमिकल वाले शैम्पू की जगह रीठा-शिकाकाई के पाउडर को भिगोकर एक पेस्ट तैयार करें। पेस्ट को कुछ समय तक बालों पर लगा रहने दें और फिर धो दें। यह बालों की अंदर से सफाई करता है। यह प्राकृतिक क्लींजर के तौर पर काम करता है।

दूसरे हफ्ते बालों को पोषण दें। इसके लिए हफ्ते में एक बार एलोवेरा जेल और दही मिलाकर बालों पर लगाएं। इससे बालों का रूखापन कम होगा और बाल चमक उठेंगे। इसके साथ ही आहार में भी परिवर्तन लेकर आएं। आहार में तीखा, तला हुआ भोजन और अत्यधिक चीनी खाने से परहेज करें। जितना हो सके, हरी सब्जियों का सेवन करें।

तीसरे हफ्ते बालों की मजबूती पर काम करें। इसके लिए भृंगराज के तेल से बालों की मालिश करें। भृंगराज का तेल तेजी से बाल वापस लाने में मदद करता है और नए बाल उगाने में भी मददगार है। इसके अलावा, मेथी दाना को रात भर भिगोकर पेस्ट बनाकर नारियल तेल के साथ लगाने से भी बाल घने होते हैं।

चौथे हफ्ते रखरखाव पर ध्यान दें। इसके लिए गुड़हल के फूल का कंडीशनर तैयार कर सकते हैं। इसके लिए गुड़हल के फूलों को पानी में उबाल लें और उस पानी से बालों को धोएं। यह बालों के लिए कंडीशनर की तरह काम करेगा।

# सुबह के नाश्ते से बनती है पूरे दिन की एनर्जी

## इन चीजों से मिलती है शरीर को भरपूर ताकत

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अक्सर सुबह के नाश्ते को छोड़ देते हैं, लेकिन आयुर्वेद और विज्ञान दोनों ही मानते हैं कि सुबह का नाश्ता हमारे पूरे दिन की सेहत तय करता है।

रात की 8 से 10 घंटे की नींद के बाद हमारा शरीर लंबे फास्ट से बाहर आता है। इस दौरान शरीर की ऊर्जा लगभग खत्म हो चुकी होती है और दिमाग को भी सही तरीके से काम करने के लिए पोषण की जरूरत होती है। अगर इस समय सही और पौष्टिक नाश्ता न मिले, तो दिनभर थकान, चिड़चिड़ापन, ध्यान की कमी और बार-बार भूख लगने जैसी समस्याएं शुरू हो जाती हैं।

आयुर्वेद के अनुसार, सुबह का समय शरीर में अग्नि यानी पाचन शक्ति को धीरे-धीरे जगाने का होता है। ऐसे में भारी या बहुत तला-भुना खाना नुकसान पहुंचा सकता है, जबकि पोषक तत्वों से भरपूर और आसानी से पचने वाला नाश्ता शरीर को अंदर से मजबूत बनाता है। विज्ञान कहता है कि सुबह उठने के एक से डेढ़ घंटे के भीतर संतुलित नाश्ता करने से ब्लड शुगर लेवल स्थिर रहता है और मेटाबॉलिज्म एक्टिव होता है। ऐसे में कुछ खास फूड्स हैं, जो कम मात्रा में भी शरीर को भरपूर ताकत दे सकते हैं।

सुबह के नाश्ते में कद्दू के बीज और चिया सीड्स जैसे बीजों का सेवन शरीर के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। कद्दू के बीज में प्रोटीन, जिंक, मैग्नीशियम और आयरन भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, ये बीज शरीर की कमजोरी दूर करने में मदद करते हैं और नसों को मजबूत बनाते हैं। विज्ञान के मुताबिक, कद्दू के बीज दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं और इम्यून सिस्टम को मजबूत करते हैं।

वहीं चिया सीड्स फाइबर और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं। ये पेट में जाकर पानी सोख लेते हैं, जिससे पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस करता है और बार-बार भूख नहीं लगती। यही कारण है कि यह वजन कंट्रोल करने में भी मददगार माने जाते हैं। चिया सीड्स आंतों की सफाई करते हैं।

अगर आप ठोस नाश्ता पसंद करते हैं, तो बेसन यानी चने के आटे से बना नाश्ता एक बेहतरीन विकल्प है। आयुर्वेद में चना बलवर्धक माना गया है, यानी यह शरीर को ताकत देने वाला होता है। बेसन में मौजूद प्रोटीन मांसपेशियों को ऊर्जा देता है, जबकि फाइबर पाचन को दुरुस्त रखता है। सुबह बेसन से बना चीला खाने से शरीर को लंबे समय तक ऊर्जा मिलती है और भूख कंट्रोल में रहती है। विज्ञान के अनुसार, बेसन धीरे-धीरे पचता है, जिससे ब्लड शुगर लेवल संतुलित रहता है और डायबिटीज का खतरा भी कम होता है। सब्जियों के साथ बनाया गया बेसन चीला शरीर को विटामिन और मिनरल्स भी देता है।

वहीं ग्रीक योगर्ट सुबह के नाश्ते को और भी खास बना देता है। ग्रीक योगर्ट सामान्य दही की तुलना में ज्यादा गाढ़ा और प्रोटीन से भरपूर होता है।

आयुर्वेद में दही को पाचन के लिए उपयोगी माना गया है, बशर्ते इसे सही समय और सही तरीके से खाया जाए। ग्रीक योगर्ट में मौजूद प्रोबायोटिक्स पेट के अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं, जिससे पाचन तंत्र मजबूत होता है।

# 'शादी के 10 साल और यह सफर अभी भी जारी है'

## असिन ने दिखाई एनिवर्सरी सेलिब्रेशन की झलक

एजेंसी | मुंबई





फिल्मी दुनिया की चमक-दमक से दूर अभिनेत्री असिन थोट्टुमकल एक बार फिर चर्चाओं में हैं। मंगलवार को उन्होंने शादी की 10वीं सालगिरह के जश्न की झलक साझा की, जिसे उन्होंने बेहद खास और रोमांटिक अंदाज में मनाया। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक अपनी दमदार एक्टिंग से पहचान बनाने वाली असिन भले ही अब फिल्मों में नजर नहीं आतीं, लेकिन उनकी झलक का फैंस आज भी इंतजार करते हैं।

खास मौके पर असिन ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी खुशियों को लोगों के साथ साझा किया। असिन ने अपनी 10वीं वेडिंग एनिवर्सरी के मौके पर इंस्टाग्राम स्टोरीज में कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। इनमें उनके पति और बिजनेसमैन राहुल शर्मा भी नजर आए। एक वीडियो में राहुल शर्मा असिन के लिए मशहूर गायक जॉन लेजेंड का गाना 'ऑल ऑफ मी' गाते दिखाई दिए। इस दौरान असिन की हंसी साफ देखी जा सकती है।

असिन ने सबसे पहले एक खूबसूरत सैंड आर्ट की तस्वीर साझा की, जिसे उन्होंने खुद बनाया। इस पर लिखा 'ए+आर = एआर', और इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, ''शादी के 10 साल पूरे हो चुके हैं और यह सफर अभी भी जारी है।''

इसके बाद असिन ने कुछ वीडियो पोस्ट किए, जिनमें उनकी एनिवर्सरी सेलिब्रेशन की शानदार सजावट देखने को मिली। एक रोमांटिक कैनोपी को लाइटिंग, पर्दे और गुलाब की पंखुड़ियों के साथ खास तरीके से सजाया गया।

एक वीडियो के बैकग्राउंड में हॉलीवुड फिल्म टाइटैनिक का मशहूर गाना 'माई हार्ट विल गो ऑन' बज रहा है।

इस खास मौके पर असिन ने बेटी आरिन का नोट भी शेयर किया, जिसे उनकी बेटी ने अपने हाथों से लिखा था, 'हैप्पी एनिवर्सरी मम्मी-पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं। पूरी दुनिया में आप सबसे अच्छे मम्पी-पापा हैं।'

असिन और राहुल शर्मा की शादी जनवरी 2016 में हुई थी। पहले उनकी शादी ईसाई रीति-रिवाज से हुई और उसके बाद हिंदू परंपरा के अनुसार विवाह संपन्न हुआ। शादी के बाद असिन ने फिल्मी दुनिया से दूरी बना ली। साल 2017 में दोनों आरिन के माता-पिता बने।

# भारत के टॉप पोल-वॉल्टर को टीटीई ने ट्रेन से उतारा, वायरल वीडियो से विवाद शुरू

एजेंसी | भोपाल



नेशनल रिकॉर्ड होल्डर देव मीना और उनके साथी एथलीट कुलदीप यादव को पनवेल स्टेशन पर टीटीई द्वारा ट्रेन से उतरने के लिए कहे जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। घटना से जुड़ी वीडियो वायरल होने के बाद विवाद लगातार गहराते जा रहा है और रेलवे प्रशासन पर सवाल उठ रहा है। नेशनल रिकॉर्ड होल्डर देव मीना एक कॉम्पिटिशन से लौटते समय अपने खेल का जरूरी सामान ट्रेन में अपने साथ ले जा रहे थे। इस दौरान एक ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर (टीटीई) ने पनवेल स्टेशन पर उन्हें ट्रेन से उतरने के लिए कहा। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें मीना इंडियन रेलवे के अधिकारी द्वारा किए गए उत्पीड़न के बारे में खुलकर बात कर रहे हैं।

मीना के साथ यात्रा कर रहे भारत के टॉप पोल वॉल्टर में से एक कुलदीप यादव को भी टीटीई ने परेशान किया, जिसने एथलीटों से कहा कि उन्हें ट्रेन में अपने पोल ले जाने की इजाजत नहीं है।

दोनों ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के बाद अपने बेस पर लौट रहे थे।

इस घटना ने भारतीय रेलवे में खेल उपकरण ले जाने वाले खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों और कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर एक बड़ी बहस छेड़ दी है।

स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म एनएनआईएस ने इस घटना का पूरा वीडियो शेयर किया, जिसमें मीना ने एथलीटों के साथ किए गए बर्ताव पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर उनके जैसे इंटरनेशनल लेवल के खिलाड़ी को एक टीटीई की मर्जी पर ट्रेन से उतरने के लिए मजबूर किया जा सकता है, तो जूनियर एथलीटों को किस तरह के उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा होगा।

सोशल मीडिया पर लोगों ने भारतीय रेलवे और उसके कर्मचारियों के रवैये की कड़ी आलोचना की है, खासकर एथलीटों के साथ इस तरह के व्यवहार की, जो देश के लिए पदक जीतते हैं।

देव कुमार मीना मध्य प्रदेश के एक युवा और प्रतिभाशाली पोल-वॉल्टर हैं, जिन्होंने 2025 में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्हें देश के सबसे होनहार ट्रैक एंड फील्ड एथलीटों में से एक माना जाता है।

# कैलोरी कम, लेकिन पोषण भरपूर, सर्दियों में अपनी डाइट में जरूर शामिल करें शलगम

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



सर्दियों के मौसम में बाजार रंग-बिरंगी सब्जियों से भर जाते हैं। इस दौरान सब्जियों की बहुतायत के बावजूद अक्सर एक सब्जी नजरअंदाज रह जाती है, और वह है शलगम। यह गोल-मटोल, सफेद या कभी-कभी बैंगनी रंग की सब्जी दिखने में साधारण लग सकती है, लेकिन इसके फायदे देखकर आप हैरान रह जाएंगे। आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों इसे सुपरफूड मानते हैं। प्राचीन काल से ही इसे स्वास्थ्यवर्धक माना गया है। आयुर्वेद में शलगम को वात और कफ दोष कम करने वाली सब्जी बताया गया है। इसका हल्का और उष्ण तासीर वाला स्वभाव पाचन को तेज करता है, भोजन को अच्छे से पचाने में मदद करता है और पेट दर्द या हृदय से जुड़ी समस्याओं में भी लाभकारी है। शलगम खाने के कई तरीके हैं। आप इसे हल्का पकाकर सब्जी, सूप, पराठा या भुजिया के रूप में शामिल कर सकते हैं। आयुर्वेद के अनुसार घी में पकाकर इसका सेवन करना और भी ज्यादा फायदेमंद होता है। सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें कैलोरी बहुत कम होती है, लगभग 28 कैलोरी प्रति 100 ग्राम, लेकिन पोषक तत्वों का खजाना भरा हुआ है। इसमें विटामिन सी, पोटेशियम, कैल्शियम, मैंगनीज और फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद हैं। यही वजह है कि शलगम हृदय स्वास्थ्य बनाए रखने, ब्लड प्रेशर नियंत्रित रखने, पाचन सुधारने और हड्डियों को मजबूत करने में मदद करता है।

अक्सर लोग सिर्फ जड़ खाते हैं और पत्तियों को फेंक देते हैं, लेकिन शलगम की पत्तियों में जड़ की तुलना में दस गुना ज्यादा विटामिन ए और के होता है। ये आंखों की रोशनी बढ़ाने और खून के थक्के जमने में मदद करते हैं। इसके अलावा, शलगम में प्राकृतिक डिटॉक्स गुण भी होते हैं। इसमें मौजूद ग्लूकोराफैनिन तत्व लीवर को हानिकारक पदार्थों से मुक्त रखने में मदद करता है और इम्युनिटी को मजबूत बनाता है।


सर्दियों में शलगम को अदरक और काली मिर्च के साथ हल्का पकाकर खाना और भी फायदेमंद होता है। बैंगनी शलगम में मौजूद एंथोसायनिन एंटीऑक्सीडेंट है, जो उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करता है। फाइबर और पानी की मात्रा अधिक होने के कारण यह पेट को लंबे समय तक भरा रखता है और वजन घटाने में भी मदद करता है।

इसलिए इस सर्दियों में अपनी डाइट में शलगम को जरूर शामिल करें।

# सेहत की अनदेखी से बढ़ रहीं पेट और सांस की समस्याएं

## अपान वायु मुद्रा से करने से मिलेगी राहत

समर न्यूज़ | लुधियाना



आज की तेज रफ्तार जिंदगी में सेहत सबसे बड़ा मुद्दा बन चुकी है। गलत खानपान, अनियमित दिनचर्या, तनाव और शारीरिक गतिविधियों की कमी का सीधा असर हमारे पाचन और सांस से जुड़ी समस्याओं पर पड़ता है। गैस, अपच, पेट फूलना और बार-बार हिचकी आना अब आम परेशानी बन गई है। हिचकी आना हमारे शरीर की एक स्वाभाविक क्रिया है, लेकिन जब यह बार-बार या लंबे समय तक होने लगे, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार, हिचकी तब आती है जब डायफ्राम अचानक सिकुड़ जाता है और सांस लेने की प्रक्रिया में रुकावट पैदा होती है। इसकी सबसे बड़ी वजह पाचन तंत्र का ठीक से काम न करना है। बहुत ज्यादा खाना, जल्दी-जल्दी भोजन करना, तला-भुना या भारी भोजन, शराब का अधिक सेवन, तनाव, घबराहट और कभी-कभी ज्यादा उत्साह भी हिचकी को बढ़ा देता है। योग शास्त्रों में शरीर के अंदर पांच प्रकार की वायु का वर्णन किया गया है, जिनमें अपान वायु का संबंध पेट के निचले हिस्से से होता है। यह वायु मल-मूत्र त्याग, गैस निकालने और शरीर से विषैले तत्व बाहर निकालने का काम करती है। जब अपान वायु असंतुलित हो जाती है, तो गैस, कब्ज, अपच और हिचकी जैसी समस्याएं होने लगती हैं। अपान वायु मुद्रा इसी वायु को संतुलित करने के लिए बनाई गई है। यह मुद्रा शरीर की अंदरूनी ऊर्जा को सही दिशा देती है और पाचन तंत्र को मजबूत बनाती है।

अपान वायु मुद्रा को करना बेहद सरल है। इसे जमीन पर आसन लगाकर या कुर्सी पर सीधे बैठकर किया जा सकता है। सबसे पहले रीढ़ की हड्डी को सीधा रखा जाता है ताकि शरीर में ऊर्जा का प्रवाह ठीक से हो सके। आंखें बंद कर कुछ देर गहरी और धीमी सांस ली जाती है। इसके बाद हाथों की उंगलियों से मुद्रा बनाई जाती है। तर्जनी उंगली को मोड़ लिया जाता है, मध्य और अनामिका उंगली को अंगूठे से मिलाया जाता है और छोटी उंगली को सीधा रखा जाता है। इस स्थिति में शांत मन से सांस पर ध्यान दिया जाता है।

छोटी-सी दिखने वाली हिचकी जब रुकने का नाम नहीं लेती, तो यह व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान कर देती है। ऐसी समस्याओं के समाधान के लिए योग और आयुर्वेद सबसे सुरक्षित तरीका हैं। आयुष मंत्रालय के मुताबिक, अपान वायु मुद्रा हिचकी और पाचन से जुड़ी दिक्कतों में बेहद लाभकारी है।

आयुष मंत्रालय के अनुसार, जब यह मुद्रा की जाती है, तो हाथों की उंगलियों के जरिए शरीर के विशेष ऊर्जा बिंदु सक्रिय होते हैं। इससे पेट और छाती के बीच संतुलन बनता है और डायफ्राम रिलेक्स होने लगता है। यही कारण है कि हिचकी धीरे-धीरे अपने आप रुक जाती है। यह मुद्रा पेट में फंसी गैस को बाहर निकालने में मदद करती है और पाचन क्रिया को सुधारती है।

अपान वायु मुद्रा के फायदे केवल हिचकी तक सीमित नहीं हैं। नियमित अभ्यास से पेट संबंधी रोगों में राहत मिलती है, जैसे गैस, एसिडिटी और कब्ज। यह मुद्रा हृदय के लिए भी लाभकारी मानी जाती है, क्योंकि इससे रक्त संचार बेहतर होता है। मानसिक तनाव कम होता है और मन शांत रहता है।

सही तरीके से सांस लेते हुए यह मुद्रा करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और शरीर खुद को बीमारियों से बचाने में सक्षम बनता है।

# एक सफ़र जो रुका नहीं, एक क़ाफ़िला जो बनता चला गया
















### अब तक लेप्रोस्कोप विधि से 10 हजार से अधिक सर्जरी कर चुके हैं डॉ. उदय भानू

# डॉक्टर उदय भानू ने की ऐसी सर्जरी, बना डाला विश्व रिकार्ड, लिम्का बुक ऑफ रिकाड्र्स में दर्ज होगा नाम

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़

मंडी शहर निवासी प्रसिद्ध गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. उदय भानू ने लेप्रोस्कोप विधि से एक ऐसी जटिल सर्जरी की, कि विश्व रिकार्ड ही बना डाला। मांडव हॉस्पिटल मंडी में तैनात डा. उदय भानू ने लेप्रोस्कोप के माध्यम से 5.21 किलोग्राम का भारी भरकम फाइब्रॉएड निकालकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

जाने-माने गायनेकोलॉजिस्ट डा. उदय भानू ने लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में एक नई उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने लेप्रोस्कोप विधि से भारी भरकम फाइब्रॉएड को निकालने का एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिससे मंडी जिला की चर्चा विश्व स्तर पर होने वाली है।

दरअसल डा. भानू के पास 40 वर्षीय एक महिला पेट में सूजन की शिकायत को लेकर आई। महिला का पेट ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वो गर्भवती है और अंदर भारी भरकम बच्चा पल रहा है। लेकिन जब डॉक्टर ने टेस्ट आदि करवाकर जांच की तो अंदर गर्भाशय में बहुत बड़ा फाइब्रॉएड पाया। डॉक्टर ने इसे लेप्रोस्कोप विधि से निकालने का निर्णय लिया। क्योंकि लेप्रोस्कोप विधि में इतना भारी भरकम फाइब्रॉएड निकालना संभव नहीं था तो डॉक्टर ओपन सर्जरी की तैयारी भी साथ में कर चुके थे। लेकिन अपने लंबे अनुभव के चलते



डॉक्टर उदय भानू और उनकी टीम ने लेप्रोस्कोप के माध्यम से ही इसे बाहर निकाल दिया। डा. भानु ने बताया कि इस फाइब्रॉएड का वजन 5.21 किलोग्राम है। उनके अनुसार अब महिला पूरी तरह से स्वस्थ है।

डा. उदय भानू ने बताया कि उन्होंने यह सर्जरी किसी रिकार्ड के लिए नहीं की। यह उनका जुनून था जिसके चलते उन्होंने इसे अंजाम दिया। डा. भानू अब तक 10 हजार से अधिक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी को अंजाम दे चुके हैं। डा. भानू ने जब लिटरेचर चैक किए तो पता चला कि सर्जरी करके जो फाइब्रॉएड उन्होंने निकाला है वो विश्व का दूसरा सबसे बड़ा फाइब्रॉएड है।

इटली इसमें अभी भी नंबर 1 पर है। वहां के डॉक्टरों ने 5.30 किलोग्राम के फाइब्रॉएड को निकालने का विश्व रिकार्ड बनाया है। इसमें दूसरे नंबर पर चेन्नई के डा. सुरक्षित थे जिन्होंने 4.5 किलोग्राम का फाइब्रॉएड निकाला था।

लेकिन अब दूसरे नंबर पर मंडी के डा. उदय भानू आ गए हैं जिन्होंने 5.21 किलोग्राम के भारी भरकम फाइब्रॉएड को निकालने में सफलता हासिल की है। डा. भानु ने बताया कि उन्होंने इस उपलब्धि को लिम्का बुक ऑफ रिकाड्र्स में दर्ज करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

डा. भानु ने बताया कि महिला के शरीर में यह फाइब्रॉएड लीवर तक फैल चुका था। इससे पहले लेप्रोस्कोप से साढ़े 3 किलो तक का फाइब्रॉएड निकाल चुके थे। लेकिन लेप्रोस्कोप में हमेशा स्पेस की एक समस्या रहती है। क्योंकि आपको छोटे-छोटे छेदों के माध्यम से इसे अंदर तलाशना, काटना और फिर सुरक्षित ढंग से बाहर निकालना होता है। इस ऑपरेशन में काफी जटिलता तो थी, लेकिन टीम के सहयोग से इसे पूरा कर ही लिया।

# नूरपुर पुलिस की नशा तस्करों पर कड़ी चोट

### 315 प्रतिबंधित प्रेग्लाविन कैप्सूल जब्त

संजीव | नूरपुर
समर न्यूज़



पुलिस जिला नूरपुर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नूरपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। नूरपुर शहर के वार्ड नंबर-2 में एचडीएफसी बैंक के समीप गश्त के दौरान पुलिस ने औचक निरीक्षण करते हुए दो व्यक्तियों के कब्जे से कुल 315 प्रतिबंधित प्रेग्लाविन कैप्सूल बरामद किए। यह कार्रवाई नूरपुर पुलिस द्वारा ड्रग इंस्पेक्टर के साथ संयुक्त रूप से अंजाम दी गई। पुलिस अधीक्षक नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुनीश कुमार पुत्र स्वर्गीय सोमराज, निवासी वार्ड नंबर-2 नूरपुर, तथा जोगिंदर सिंह पुत्र धर्मू राम, निवासी गांव लंगूटा, तहसील भरमौर, जिला चंबा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच के दौरान दोनों के पास से बरामद कैप्सूल के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

जांच में यह भी सामने आया है कि बरामद दवाइयों का भंडारण और संभावित विक्रय ड्रग्स एवं कॉस्मेटिक्स अधिनियम के निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप नहीं था। मामले की गंभीरता को देखते हुए ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा गहन जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इन दवाइयों की आपूर्ति कहां से की जा रही थी और इन्हें किन उद्देश्यों के लिए रखा गया था। नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

जिला पुलिस नूरपुर ने स्पष्ट किया है कि नशे और अवैध दवा कारोबार के खिलाफ अभियान भविष्य में भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा। वहीं जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने आम जनता से अपील की है कि बिना लाइसेंस दवाइयों की खरीद-फरोख्त से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या संबंधित विभाग को दें, ताकि समाज को नशे की गिरफ्त से बचाया जा सके।

### पहले भी प्रधान धांधलियों के आरोप में सभी जन प्रतिनिधियों के साथ हो चुकी है सस्पेंड

# धांधली करने वाली महिला प्रधान को निलंबित करने की मांग

धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़



मंडी जिला के बल्ह उपमंडल के तहत आने वाली ग्राम पंचायत बरस्वाण की पंचायत प्रधान, उसके पति व अन्य पर लगे धांधलियों के आरोप विभागीय जांच में सही साबित होने पर शिकायतकर्ता दिनेश कुमार ने पंचायत प्रधान डोलमा देवी को निलंबित करने की मांग उठाई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि फरवरी 2025 को उन्होंने प्रधान डोलमा देवी, उसके पति व अन्य के खिलाफ गौशाला निर्माण के नाम धांधली करने की शिकायत लोकपाल को सौंपी थी। जांच करने पर यह आरोप सही पाए गए थे और उन्हें लोकपाल द्वारा 15-15 हजार जुमार्ना भी लगाया गया था। इसके बाद यह मामला राज्य अपील अथॉरिटी के पास पहुंचा और राज्य अपील अथॉरिटी ने प्रधान की अपील को सितंबर 2025 को खारिज भी कर दिया था। लेकिन करीब 4 माह बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा उक्त प्रधान के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। दिनेश कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई को आगे बढ़ाने के लिए उपायुक्त को 2 बार पत्र भी लिख चुके हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायतकर्ता ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग करते हुए महिला प्रधान को सस्पेंड करने की मांग उठाई है। साथ ही शिकायतकर्ता ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा जल्द कोई एक्शन नहीं लिया जाता है तो वे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

**2021 में पहले भी सस्पेंड हो चुकी हैं प्रधान डोलमाः**

बता दें कि शिकायतकर्ता दिनेश कुमार ने वर्ष 2021 में भी पंचायत में धांधलियों को लेकर एक शिकायत दी थी जिसकी जांच के बाद भी जनप्रतिनिधियों पर जुर्माना लगा था और इन्हें सस्पेंड भी किया गया था। हालांकि बाद में डीसी मंडी ने चेतावनी देकर इनकी सेवाओं को बहाल कर दिया था। सस्पेंड हुए जनप्रतिनिधियों में दिनेश कुमार की धर्म पत्नी भी शामिल थी, जो मौजूदा समय में वार्ड सदस्य हैं।

# मनरेगा बचाओ संग्राम तेज, केंद्र सरकार पर मनरेगा कमजोर करने का आरोप

### कांग्रेस ने राष्ट्रपति से जीआरएमजी अधिनियम समाप्त करने की मांग की

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़



हमीरपुर ब्लॉक में मनरेगा बचाओ संग्राम को और तेज करते हुए कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार के खिलाफ एक बड़ी विरोध रैली का आयोजन किया। यह रैली जिला हमीरपुर के ब्लॉक हमीरपुर में निकाली गई, जिसकी अगुवाई प्रदेश नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं मनरेगा बचाओ संग्राम के ब्लॉक प्रभारी नरेश ठाकुर तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने की। रैली के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर केंद्र सरकार द्वारा लाए गए जीआरएमजी (GRMG) अधिनियम को तुरंत वापस लेने की मांग उठाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण भारत की रीढ़ है, जिसे समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। रैली में पूर्व विधायक कुलदीप पठानिया, एपीएमसी के चेयरमैन अजय शर्मा, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष टोनी ठाकुर, कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पिंदर वर्मा सहित कई पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार की योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आत्मा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए जीआरएमजी अधिनियम के माध्यम से पंचायतों के अधिकारों में कटौती की गई है। पहले पंचायतें स्वयं विकास कार्यों की पहचान कर उन्हें लागू करती थीं, लेकिन अब यह अधिकार केंद्र सरकार के निर्देशों तक सीमित कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गांव-गांव जाकर लोगों को इस अधिनियम से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक कर रही है और जब तक यह कानून वापस नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा।

पूर्व विधायक कुलदीप पठानिया ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सोच शुरू से ही महात्मा गांधी और उनकी विचारधारा के खिलाफ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी मानसिकता के चलते महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी मनरेगा योजना को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी देशभर में मनरेगा को बचाने और उसे पुनः सशक्त बनाने के लिए संघर्ष कर रही है और यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक मजदूरों के अधिकार पूरी तरह बहाल नहीं हो जाते।प्रदेश नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं मनरेगा बचाओ संघर्ष समिति के ब्लॉक संयोजक नरेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए जीआरएमजी अधिनियम के खिलाफ कांग्रेस पार्टी प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक लगातार विरोध कर रही है। उन्होंने बताया कि हमीरपुर ब्लॉक में आयोजित यह रैली उसी संघर्ष का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति से इस अधिनियम को समाप्त करने की मांग की गई है और यदि सरकार ने इसे वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मनरेगा मजदूरों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जनहित में यह आंदोलन लगातार जारी रहेगा और ग्रामीण जनता की आवाज को हर मंच पर मजबूती से उठाया जाएगा।

# क्यूए व क्यूसी पदों के लिए 21 जनवरी को साक्षात्कार




धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़

जिला रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि फरमेंटा बायोटेक लिमिटेड, फैक्ट्री टकोली, जिला मंडी द्वारा क्वालिटी एश्योरेंस एवं क्वालिटी कंट्रोल विभाग में जूनियर एग्जीक्यूटिव तथा एग्जीक्यूटिव के एक-एक पद को भरने के लिए रोजगार कार्यालय मंडी को अधिसूचना हुई है। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए फार्मास्युटिकल क्षेत्र की एपीआई इंडस्ट्री में न्यूनतम तीन वर्ष का कार्य अनुभव अनिवार्य रखा गया है। आवेदकों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बीएससी, एमएससी, बी फार्मेसी अथवा एम फार्मेसी निर्धारित की गई है। जबकि क्वालिटी कंट्रोल विभाग के लिए एचपीएलसी सहित अन्य प्रयोगशाला उपकरणों का व्यावहारिक अनुभव अनिवार्य रखा गया है। इन पदों के लिए केवल पुरुष अभ्यर्थी ही आवेदन के पात्र होंगे। साक्षात्कार के लिए आयु सीमा 25 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी के नियमों एवं मानदंडों के अनुसार आकर्षक वेतनमान प्रदान किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीकरण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट साइज फोटो सहित 21 जनवरी 2026 को फरमेंटा बायोटेक लिमिटेड, फैक्ट्री टकोली, डाकघर नागवाईं, जिला मंडी में 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

# ग्रामीणों का बहुमूल्य योगदान, पहले विद्या के मंदिर के लिए दे दिए अपने मकान

### सरकीधार के बाशिंदों ने पेश की अनूठी मिसाल, शिक्षा के मंदिर के लिए हर हाथ से मिल रही मदद







धर्मवीर | मंडी
समर न्यूज़ | शिमला

जनसहयोग की मिसाल देखनी हो तो देवभूमि हिमाचल के मंडी जिला के सरकारीधार चले जाईए। यहां आपको जनसहयोग की एक ऐसी अनूठी मिसाल देखने को मिलेगी कि आपके मुंह से वाह! के सिवाय और कुछ नहीं निकलेगा। स्कूल संचालन के लिए यहां लोगों ने अपने मकान तो दिए ही हैं, साथ ही नया भवन बनाने के लिए जमीन भी दान में दे दी है। पेश है एक रिपोर्ट। वर्ष 2023 और 2025 की प्राकृतिक आपदा के जख्म हिमाचल प्रदेश कभी नहीं भुला सकेगा। लेकिन इस आपदा में जिन लोगों ने अनुकरणीय मिसालें पेश की, वो भी हमेशा याद रहेंगी। एक ऐसी ही मिसाल पेश की है मंडी जिला के बल्ह उपमंडल के तहत आने वाले सरकीधार गांव के बाशिंदों ने। 13 अगस्त 2023 की प्राकृतिक आपदा में हाई स्कूल सरकीधार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। विद्या के इस मंदिर में ज्ञान की घंटियां बजती रहे और बच्चों की पढ़ाई पर कोई विपरीत असर न पड़े, इसके लिए दिनेश शर्मा और उनके चाचा चिरंजी लाल शर्मा ने अपने घर के 8 कमरे स्कूल संचालन के लिए निशुल्क दे दिए। दिनेश शर्मा इसी स्कूल की एसएमसी के प्रधान भी हैं। दिनेश शर्मा ने बताया कि स्कूल संचालन के लिए उन्होंने गांव वालों की बैठक बुलाई तो गांव के हर व्यक्ति ने अपनी तरफ से यथासंभव आर्थिक देकर इन्हीं भवनों की छतों पर टीन के अतिरिक्त शैड बनाकर कमरों का विस्तार कर दिया। आज अस्थाई भवन में ही सही, लेकिन स्कूल का संचालन सही ढंग से हो रहा है। लोगों ने नया भवन बनाने के लिए दान में दे दी अपनी जमीन

हाई स्कूल सरकीधार के प्रधानाचार्य लीलाधर शर्मा ने बताया कि अपने घरों को स्कूल के लिए निशुल्क देने वाले दिनेश शर्मा और चिरंजी लाल शर्मा ने एक रूपया भी शिक्षा विभाग से नहीं लिया है। उल्टा हर समय सहयोग के हाथ बढ़ाए हैं। इसके साथ ही गांव के पंडित क्षमाकर ने अपनी 10 बिस्वा, सेवानिवृत कानूनगो नंद लाल शर्मा और सेवानिवृत चीफ इंजीनियर धनी राम शर्मा ने भी अपनी 2-2 बिस्वा जमीन स्कूल का नया भवन बनाने के लिए दान में दे दी है। इसके अलावा एफसीए के तहत 2 बीघा भूमि स्कूल के नाम पर की गई है, जहां पर नए भवन का निर्माण किया जा रहा है। प्रधानाचार्य लीलाधर शर्मा ने इसके लिए सभी दानी सज्जनों और गांव के सहयोगियों का आभार जताया है। उच्च शिक्षा उपनिदेशक यशवीर धीमान ने स्कूल संचालन में सहयोग कर रहे सभी दानी सज्जनों का विभाग की तरफ से आभार जताया है। उन्होंने बताया कि स्कूल के नए भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है और जल्द ही इसे बनाकर तैयार कर लिया जाएगा। वहीं, अगर सरकीधार स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता की बात करें तो यहां हर वर्ष बच्चे मेरिट लिस्ट में होते हैं। मौजूदा समय में स्कूल में 90 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जिसमें प्राइमरी विंग में 44 जबकि हाई विंग में 46 बच्चे शामिल हैं। विकट परिस्थितियों में भी स्कूल का संचालन कैसे किया जा सकता है।

## हमीरपुर में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां तेज

अरविंद | हमीरपुर
समर न्यूज़

हमीरपुर में इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के खेल मैदान में किया जाएगा। समारोह में पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त हमीरपुर गंधर्वा राठौर ने दी। उपायुक्त ने बताया कि 26 जनवरी के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर निगम, पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सुरक्षा, यातायात, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



**जयराम वाणी**

### जयराम ने जेपी नड्डा के ऐतिहासिक कार्यकाल को सराहा

# हिमाचल के बेटे ने संगठन को दी नई ऊंचाई

समर न्यूज़ | शिमला



हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को उनके अत्यंत सफल, सशक्त और संगठनात्मक रूप से ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं अभिनंदन प्रेषित किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल की माटी के लाल नड्डा जी ने विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के शीर्ष पद पर आसीन होकर जिस कुशलता के साथ संगठन का संचालन किया, वह प्रत्येक प्रदेशवासी के लिए गर्व का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी, निर्णायक और प्रेरणादायी नेतृत्व में नड्डा जी का यह कार्यकाल संगठन और सरकार के बीच सशक्त समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है, जिसके परिणामस्वरूप पार्टी ने चुनावी राजनीति में शानदार जीत का एक बेमिसाल ट्रैक रिकॉर्ड स्थापित किया। जयराम ठाकुर ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि नड्डा जी के मार्गदर्शन में भाजपा ने न केवल सांगठनिक विस्तार किया, बल्कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी ने कठिन से कठिन चुनौतियों का दृढ़ता से सामना किया और वैचारिक रूप से अभूतपूर्व सुदृढ़ता प्राप्त की। इस कालखंड के दौरान देवभूमि हिमाचल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई अनगिनत विकास की सौगातों के लिए आभार व्यक्त करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के विकास को गति दिलाने में नड्डा जी का योगदान सदैव सराहनीय और स्मरणीय रहेगा। साथ ही, उन्होंने संगठन की कमान संभालने वाले नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का भी हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भी भाजपा राष्ट्र सेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर रहेगी। नड्डा जी के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का उनका सफर और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का उनका परिश्रम पार्टी के हर कार्यकर्ता के लिए ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके प्रति हृदय से आभार प्रकट किया।

# मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट से जांच को नई दिशा

### धर्मशाला कॉलेज छात्रा की मौत का मामला

समर न्यूज़ | धर्मशाला

धर्मशाला स्थित एक कॉलेज की छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में जांच अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचती नजर आ रही है। इस प्रकरण से जुड़ी सबसे अहम कड़ी मानी जा रही मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक कांगड़ा के कार्यालय को प्राप्त हो गई है। पुलिस अधिकारी रिपोर्ट के प्रत्येक पहलू का गहन अध्ययन कर रहे हैं और इसे आगामी कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय में साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। पुलिस जांच के अनुसार, मृतक छात्रा का इलाज हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों के कुल सात अस्पतालों में कराया गया था। छात्रा के उपचार से संबंधित सभी मेडिकल रिकॉर्ड पहले ही पुलिस द्वारा एकत्र कर लिए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, टांडा से विशेषज्ञ मेडिकल बोर्ड गठित करने का आग्रह किया गया था, जिसने समस्त दस्तावेजों और तथ्यों के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार की है।इस बीच छात्रा के परिजनों, विशेषकर पिता ने जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि मामले को जानबूझकर उलझाया जा रहा है और उनकी बेटी के साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने कॉलेज परिसर में रैगिंग की आशंका जताते हुए कहा कि इस संबंध में एक छात्रा द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पिता का आरोप है कि पूरे मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

### कांगड़ा में सूखे की मार, शुरुआती विकास के लिए मिट्टी में नमी बेहद जरूरी होती है

# बारिश न होने से गेहूं की फसल पर असर





राहूल | धर्मशाला
समर न्यूज़

कांगड़ा ज़िले में हिमाचल प्रदेश के अन्य जिलों की तुलना में सबसे अधिक गेहूं की खेती की जाती है, लेकिन इस बार बीते तीन महीनों से बारिश न होने के कारण रबी फसलों की बढ़वार पर प्रतिकूल असर देखने को मिल रहा है। खेतों में नमी की कमी साफ तौर पर महसूस की जा रही है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। शुष्क मौसम की इस स्थिति को देखते हुए कृषि विभाग ने अलर्ट मोड में आते हुए किसानों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। कृषि विभाग का कहना है कि रबी फसल के शुरुआती विकास के लिए मिट्टी में नमी बेहद ज़रूरी होती है। हालांकि, बीते बरसात के मौसम में ज़मीन में बनी नमी अभी तक कुछ हद तक फसल को सहारा दे रही है, लेकिन यदि सूखे का यह दौर और लंबा चला तो फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में विभाग की ओर से किसानों को वैकल्पिक सिंचाई साधनों को अपनाने की सलाह दी जा रही है। कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के तहत ड्रिप इरिगेशन और स्प्रिंकलर सिस्टम को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे कम पानी में भी खेतों की सिंचाई संभव हो सके। इन उपकरणों पर किसानों को अनुदान भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा कांगड़ा क्षेत्र में मौजूद पारंपरिक कूहलों के माध्यम से भी सिंचाई की जा रही है, हालांकि इनमें पानी की मात्रा कम आंकी जा रही है। बावजूद इसके, किसान आपसी सहयोग से इन संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। वहीं, पीले रतुए जैसी बीमारियों को लेकर भी कृषि विभाग सतर्क है।

# फरीदाबाद के मुजेडी गांव में पुरानी रंजिश के चलते फायरिंग; लोगों ने छिपकर बचाई जान

**समर न्यूज | फरीदाबाद**

सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुजेडी गांव में सोमवार देर रात पुरानी रंजिश के चलते फायरिंग की एक गंभीर घटना सामने आई। गांव की पीर वाली गली में स्थित एक परिवार के घर के बाहर बदमाशों ने खुलेआम छह राउंड गोलियां चला दीं, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव में दबंगई के लिए कुख्यात रोहित कपासिया ने अपने भाई राहुल और साथियों नितिन व तुली के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि करीब एक साल पहले सतपाल के छोटे भाई जितेंद्र का राहुल के साथ एक होटल में झगड़ा हुआ था। इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच से रंजिश चली आ रही थी।



पुलिस गोली के खोल दिखाते हुई। - समर न्यूज

सोमवार रात आरोपी कार में सवार होकर सतपाल और जितेंद्र के घर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने पहले गली में गाली-गलौज की और शोर मचाया। इसके बाद दबंगों ने घर के बाहर हवाई फायरिंग शुरू कर दी। कुल छह राउंड गोलियां चलाई गईं, जिनमें से एक गोली घर की छत की दीवार में जा फंसी, जबकि पांच खाली कारतूस मौके पर गिर गए। फायरिंग के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस और आईएमटी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से पांच खाली खोल बरामद किए, जबकि दीवार में फंसी गोली को मंगलवार सुबह निकालकर कब्जे में लिया गया। फायरिंग के कारण आसपास के लोगों में भारी दहशत देखी गई और देर रात तक लोग अपने घरों में दुबके रहे।

आईएमटी चौकी इंचार्ज भूपेंद्र कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला पुरानी रंजिश का प्रतीत हो रहा है। गोली चलाने वाले आरोपी नवादा गांव के रहने वाले हैं और उनके खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच की टीमें गठित कर दी गई हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी रोहित कपासिया के खिलाफ पहले से लड़ाई-झगड़े और मारपीट के पांच से छह मुकदमे दर्ज हैं। इसी साल 14 जनवरी की रात रोहित के घर पर भी फायरिंग की घटना हुई थी, जिसमें गौरव नाम के युवक ने तीन राउंड गोलियां चलाई थीं। हालांकि पुलिस का कहना है कि वह मामला अलग है, लेकिन एहतियातन दोनों घटनाओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

## दो युवकों ने लाठी-डंडों से किया डायल 112 की टीम पर हमला

**समर न्यूज | फतेहाबाद**

टोहाना उपमंडल के गांव गाजूवाला में डायल 112 की टीम पर हमला करने का गंभीर मामला सामने आया है। गांव में झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर दो युवकों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों को टोहाना के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक पुलिसकर्मी की हालत गंभीर होने पर उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, डायल 112 भूना टीम को सूचना मिली थी कि गांव गाजूवाला में रामू नामक युवक अपने पिता शमशेर के साथ मारपीट कर रहा है। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। आरोप है कि वहां पहुंचते ही आरोपी रामू ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर पुलिस टीम पर लाठी से हमला कर दिया। इस हमले में पुलिस कर्मचारी सुरेंद्र सिंह के कान पर लाठी लगने से गंभीर चोट आई और खून बहने लगा।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 टोहाना टीम इंचार्ज रमेश चंद्र के नेतृत्व में मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। हमले में रमेश चंद्र को भी चोटें आईं। घायल पुलिसकर्मियों को तुरंत टोहाना के नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सुरेंद्र सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए उसे अग्रोहा रेफर कर दिया गया, जबकि रमेश चंद्र का इलाज नागरिक अस्पताल में जारी है। घायल इंचार्ज रमेश चंद्र ने बताया कि डायल 112 भूना की टीम गांव में शिकायत पर गई थी, जहां आरोपियों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। सूचना मिलने पर अन्य पुलिसकर्मी भी गांव में पहुंचे। इस हमले में कई पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं।

इस संबंध में सदर थाना प्रभारी टोहाना शादीराम ने बताया कि गांव गाजूवाला में दो युवकों द्वारा डायल 112 की टीम पर हमला किया गया था। युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## फतेहाबाद में जमीन विवाद के चलते खेत मालिक की हत्या

**समर न्यूज | फतेहाबाद**

महमदकी गांव में 28 वर्षीय खेत मालिक जगविंद्र सिंह की कस्सी से गला काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण जमीन को लेकर चल रहा विवाद बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी दिव्यांशी सिंगला और सदर थाना प्रभारी प्रहलाद राय के नेतृत्व में पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई है। पुलिस ने मृतक के पिता अवतार सिंह के बयान पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। जगविंद्र सिंह अविवाहित थे, जबकि उनके बड़े भाई तरनजीत सिंह विवाहित हैं। पिता के अनुसार दोनों भाइयों के बीच जमीन को लेकर तनाव था। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर जांच तेज कर दी है। घटना से गांव में दहशत का माहौल है।

## हरियाणा में बदला मौसम, ठंड से दो की मौत

**समर न्यूज | हिसार**

हरियाणा में मौसम का मिजाज एक बार फिर करवट लेता नजर आ रहा है। प्रदेश के छह जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया है, जिसे मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में बारिश को संकेत के रूप में देखा है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, यह बदलाव तीन सक्रिय पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से हुआ है, जिनका असर 25 जनवरी तक बने रहने की संभावना है। इसी बीच ठंड का कहर भी जारी है। हिसार जिले में सर्दी से दूसरी मौत सामने आई है। गांव लाडवा निवासी 72 वर्षीय महेंद्र का शव खेत में मिला, जिसके बाद कराए गए पोस्टमार्टम में मौत का कारण ठंड बताया गया। इससे पहले भी जिले में ठंड से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है, जिससे प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, जिन जिलों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, वहां छिटपुट बूंदाबांदी



धुंध में गुजरते हुए लोग। - समर न्यूज

या हल्की बारिश की संभावना अधिक है। हिसार, रोहतक, सिरसा, फरीदाबाद, गुरुग्राम और अंबाला में न्यूनतम तापमान औसतन आठ डिग्री तक बढ़ा है। विशेषज्ञों का कहना है कि रात के तापमान में आई यह नरमी बादलों की मौजूदगी का संकेत है, हालांकि दिन के तापमान में फिलहाल कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है।

**जानलेवा बनी ठंड** : हालांकि तापमान में कुछ बढ़ोतरी दर्ज की गई है, लेकिन सुबह और रात के समय ठंड का असर अब भी गंभीर बना हुआ है। खुले में रहने वाले बुजुर्ग, असहाय और कमजोर वर्ग के लोगों के लिए जोखिम बना हुआ है। प्रशासन ने लोगों को अलसुबह और देर रात विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। कृषि क्षेत्र के लिए भी मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। किसानों को सलाह दी गई है कि संभावित बारिश और नमी को देखते हुए फिलहाल फसलों पर स्प्रे न करें, ताकि नुकसान से बचा जा सके। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक मौसम पर नजर बनाए रखने और आवश्यक एहतियात बरतने की अपील की है।

## सड़क हादसे में हुई युवक की मौत

**समर न्यूज | हिसार**

हिसार–तोशाम रोड पर डाबड़ा बीपीएल बस्ती के पास सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब आगे चल रहे एक डंपर ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे से आ रही बाइक डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान गांव लाडवा निवासी श्यामलाल के रूप में हुई है। वह हिसार में मजदूरी करता था और काम के बाद घर लौट रहा था। गंभीर हालत में उसे जिला नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। श्यामलाल चार बच्चों का पिता था। सूचना मिलने पर आजाद नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मृतक के भाई सुरेश के बयान दर्ज किए हैं। हादसे के कारणों की जांच जारी है।

## अंबाला ब्लास्ट; अमोनियम नाइट्रेट की आशंका, चार गिरफ्तार

**समर न्यूज | अंबाला**

बलदेव नगर थाने के परिसर में खड़ी कार में हुए धमाके के मामले में पुलिस की प्रारंभिक जांच में अमोनियम नाइट्रेट के इस्तेमाल के संकेत मिले हैं। हालांकि विस्फोटक की अंतिम पुष्टि करनाल स्थित मधुबन फोरेंसिक साइंस लैब की रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। इस सनसनीखेज मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में फिरोजपुर जिले के गांव फत्तूवाला निवासी सौरभ और आकाश नामक दो सगे भाई शामिल हैं। यह गांव पाकिस्तान सीमा से महज आठ किलोमीटर दूर स्थित है। इस क्षेत्र में पहले भी ड्रोन के माध्यम से नशा, हथियार और विस्फोटक सामग्री मंगाए जाने के कई मामले सामने आ चुके हैं। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि विस्फोटक सामग्री भी ड्रोन के जरिए भारत लाई गई हो सकती है।





बलदेव नगर थाना। - समर न्यूज

फिलहाल पुलिस उस व्यक्ति की तलाश कर रही है, जिसने विस्फोटक सामग्री को झाड़ियों में छिपाया था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी आपस में संपर्क बनाए रखने के लिए सिग्नल ऐप का इस्तेमाल करते थे, ताकि बातचीत पूरी तरह गोपनीय रहे। चौथे आरोपी जम्मू निवासी रमन से पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए हैं। पुलिस के अनुसार रमन के खिलाफ पहले से अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज है और वह हथियार हासिल करने की फिराक में था। इसी लालच में वह इस साजिश का हिस्सा बन गया। पूछताछ में सामने आया कि रमन ने सौरभ और आकाश के खातों में पैसे डाले थे, जिससे एक कार खरीदी गई और उसे बलदेव नगर थाने में खड़ा किया गया। सूत्रों के मुताबिक रमन चिकन की दुकान चलाता है और उसकी किसी व्यक्ति से पुरानी रंजिश थी। वह इलाके में दहशत फैलाकर अपने विरोधी को डराना चाहता था, इसी मंशा से उसने इस पूरी साजिश को अंजाम देने में भूमिका निभाई।

**क्या है पूरा मामला:** 10 जनवरी को बलदेव नगर थाने के परिसर में एक मारुति कार खड़ी की गई थी। कार के भीतर छह-छह किलो के सिलिंडर रखे गए थे, जिनमें गैस के साथ विस्फोटक सामग्री भी मौजूद थी। योजना कार में आग लगाकर सिलिंडरों के जरिए बड़ा धमाका करने की थी। हालांकि समय रहते कार से धुआं उठता देख सुरक्षाकर्मी सतर्क हो गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और पटियाला निवासी कर्मजीत को गिरफ्तार किया, जिसने बताया कि कार खड़ी करने के बदले उसे 30 हजार रुपये देने की बात हुई थी। आगे की जांच में सौरभ, आकाश और रमन की भूमिका सामने आई।

## जींद में 10 बेटियों के बाद बेटे का जन्म

### परिवार ने रखा नाम 'दिलखुश', फतेहाबाद के बाद जींद से भी सामने आया ऐसा मामला, 10 बेटियों के बाद बेटा

**समर न्यूज | जींद**

हरियाणा के फतेहाबाद के बाद अब जींद जिले से भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने 10 बेटियों के बाद बेटे को जन्म दिया है। उचाना खुर्द गांव निवासी रितु ने सोमवार को उचाना के नागरिक अस्पताल में सामान्य प्रसव के जरिए बेटे को जन्म दिया। बेटे के जन्म से परिवार में खुशी का माहौल है और परिजनों ने नवजात का नाम दिलखुश रखा है। परिवार के अनुसार, रितु की शादी करीब 24 वर्ष पहले सुरेंद्र से हुई थी, जो दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। बेटे की चाह में रितु ने कुल 11 बच्चों को जन्म दिया। सोमवार को प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां स्टाफ नर्स सुमन लता ने सुरक्षित तरीके से नॉर्मल डिलीवरी कराई। जैसे ही बेटे के



खुशी मनाता हुआ परिवार। - समर न्यूज

जन्म की सूचना मिली, पति सुरेंद्र और अन्य परिजन भावुक हो उठे और अस्पताल परिसर में खुशियां मनाई गईं।

सुरेंद्र ने बताया कि उनकी 10 बेटियां थीं, जिनमें से सबसे छोटी बेटी का निधन हो चुका है। वर्तमान में परिवार की नौ बेटियां स्वस्थ हैं। बेटे के जन्म को परिवार ने ईश्वर का आशीर्वाद बताया है। गौरतलब है कि करीब 15 दिन पहले फतेहाबाद जिले से भी ऐसा ही मामला सामने आया था, जहां ढाणी भोजराज निवासी संजय की पत्नी सुनीता ने 10 बेटियों के बाद बेटे को जन्म दिया था। उस बच्चे का नाम भी दिलखुश रखा गया था। हीमोग्लोबिन की कमी के चलते सुनीता को खून चढ़ाकर प्रसव कराया गया था। यह मामला सोशल मीडिया पर भी काफी चर्चा में रहा था।

इस तरह के मामलों पर स्वास्थ्य विशेषज्ञ चिंता जताते हैं। जींद नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डॉ. राजेश भोला ने बताया कि दो या तीन से अधिक बार प्रसव कराने से महिला की बच्चेदानी कमजोर हो जाती है, जिससे मां और बच्चे दोनों की जान को खतरा हो सकता है। उन्होंने महिलाओं से अनावश्यक जोखिम न लेने की अपील की। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019–2021) के अनुसार, देश में करीब 80 प्रतिशत दंपती कम से कम एक बेटा चाहते हैं। इसी सोच के चलते कई परिवार बेटे की चाह में अधिक संतान पैदा कर लेते हैं। वहीं, जींद जिले में वर्ष 2025 में लिंगानुपात घटकर 918 रह गया है, जबकि पूरे हरियाणा में इस अवधि में बेटियों की संख्या में सुधार दर्ज किया गया है।

## परीक्षाओं में कृपाण ले जा सकेंगे छात्र

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर एक बड़ा और अहम फैसला लिया है। सरकार द्वारा जारी नए दिशा-निर्देशों के अनुसार अब सिख छात्र धार्मिक आस्था के तहत कृपाण धारण कर परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। हालांकि इसके लिए कृपाण की लंबाई और आकार तय किया गया है। दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि सिख अभ्यर्थी केवल 9 इंच (22.86 सेमी) लंबाई और 6 इंच (15.24 सेमी) तक ब्लेड वाली कृपाण ही परीक्षा केंद्र में ले जा सकेंगे। इसके अलावा विवाहित महिलाओं को भी राहत दी गई है। अब वे मंगलसूत्र पहनकर परीक्षा दे सकेंगी। सुरक्षा जांच को ध्यान में रखते हुए सिख अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना होगा, जबकि मंगलसूत्र पहनने वाली महिलाओं को आधे घंटे पहले रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा।

## दिल्ली-मुंबई-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर बस पलटी

### 16 यात्री घायल, नींद की झपकी बनी हादसे की वजह

**समर न्यूज | नूंह**

हरियाणा के नूंह जिले से गुजर रहे दिल्ली–मुंबई–वडोदरा एक्सप्रेसवे पर सोमवार देर रात करीब 12 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। थाना सदर फिरोजपुर झिरका क्षेत्र के अंतर्गत गांव भाकडोजी के पास दिल्ली से भीलवाड़ा जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस चालक सहित 16 यात्री घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में दो यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं, जिनमें फ्रैक्चर होने की पुष्टि हुई है। दुर्घटना के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई और यातायात भी प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंचीं तथा सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल स्थिर



दिल्ली-मुंबई-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर हादसे के बाद मौजूद लोग। - समर न्यूज

बताई जा रही है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण बस चालक को नींद आना बताया जा रहा है, जिससे बस का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। सूचना मिलने पर थाना सदर फिरोजपुर झिरका प्रभारी सुभाष अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बस को कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया कि अभी तक इस संबंध में पुलिस को कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे पर लगातार हो रहे सड़क हादसों से यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने प्रशासन से एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा उपाय और निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

**सुविधा**

### मेट्रो फेज-4 के तीन कॉरिडोर को बजट मंजूरी

## बहादुरगढ़ से दिल्ली एयरपोर्ट तक आसान होगी यात्रा

**समर न्यूज | बहादुरगढ़**

दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो नेटवर्क के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। मेट्रो फेज-4 के तहत प्रस्तावित ग्रीन लाइन के विस्तार सहित तीन अहम कॉरिडोर के लिए दिल्ली सरकार ने बजट को हरी झंडी दे दी है। इन तीनों परियोजनाओं के लिए कुल 14,630 करोड़ रुपये के प्रस्तावित बजट में से 3,386.18 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। इन कॉरिडोर की कुल लंबाई करीब 47 किलोमीटर होगी और इनके वर्ष 2029 तक पूरा होने का अनुमान है। फेज-4 के तहत सबसे महत्वपूर्ण परियोजना ग्रीन लाइन का इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक विस्तार है। फिलहाल ग्रीन लाइन बहादुरगढ़ से इंद्रलोक और कीर्तिनगर तक संचालित है। अब इसके विस्तार से बहादुरगढ़ सीधे इंद्रप्रस्थ से जुड़ जाएगा। इस नए कॉरिडोर की लंबाई लगभग 12



मेट्रो फ्लाईओवर से गुजरती हुई। - समर न्यूज

किलोमीटर होगी, जिसमें कुल 10 स्टेशन बनाए जाएंगे। इनमें एक स्टेशन एलिवेटेड और नौ स्टेशन अंडरग्राउंड होंगे। यह कॉरिडोर मध्य और पुरानी दिल्ली को जोड़ेगा। इस विस्तार के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन बन जाएगा, जिससे यात्रियों को एयरपोर्ट तक पहुंचना और भी आसान हो जाएगा। साथ ही आईटीओ, दिल्ली सचिवालय और आसपास के इलाकों तक मेट्रो से सीधी और सुगम कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे खासतौर पर पश्चिमी दिल्ली और हरियाणा के बहादुरगढ़ क्षेत्र के यात्रियों को बड़ा फायदा होगा। मेट्रो फेज-4 के तहत दूसरा कॉरिडोर लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक तक प्रस्तावित है, जिससे दक्षिणी दिल्ली के कई इलाकों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। वहीं तीसरा और सबसे लंबा कॉरिडोर रिठाला से कुंडली तक बनाया जाएगा। इस कॉरिडोर की लंबाई 26.463 किलोमीटर होगी और इसमें कुल 21 स्टेशन होंगे। इसके निर्माण से रोहिणी, नरेला, सोनीपत और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और हरियाणा-दिल्ली के बीच आवागमन और सुगम होगा। डीएमआरसी के प्रवक्ता अनुज दयाल के अनुसार, मेट्रो फेज-4 के इन तीन कॉरिडोर के शुरू होने से निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी। इससे ट्रैफिक जाम की समस्या में कमी आएगी और प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। मेट्रो नेटवर्क का यह विस्तार दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में कनेक्टिविटी को और मजबूत करेगा, जिससे लाखों यात्रियों को सुरक्षित, तेज और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा।

## पिता-भाई ने ही रची थी युवक की हत्या की साजिश

**समर न्यूज | फतेहाबाद**

रतिया क्षेत्र के गांव महमदकी में युवक की कस्सी से गर्दन काटकर हत्या करने के मामले का पुलिस ने दूसरे ही दिन खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस जघन्य हत्या की साजिश मृतक के पिता और भाई ने ही रची थी। दोनों ने गांव के ही दो लोगों को 1.20 लाख रुपये की सुपारी देकर वारदात को अंजाम दिलवाया। हत्या के बाद आरोपी पंजाब फरार हो गए थे, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मृतक के पिता अवतार सिंह और भाई तरनप्रीत सिंह को भी हिरासत में ले लिया गया है। रविवार को युवक का शव गांव में खेत के कमरे से बरामद हुआ था, जिसकी गर्दन कस्सी से काटी गई थी। पुलिस के अनुसार मृतक का प्रेम प्रसंग चल रहा था और मार्च में उसकी शादी होनी थी।

## हरियाणा में बनेगी दूसरी एसडीआरएफ बटालियन

### अग्निवीरों को मिलेगा मौका

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

हरियाणा में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की एक नई बटालियन स्थापित की जाएगी, जिसमें कुल 1149 पद होंगे। गृह विभाग ने इस बटालियन को मंजूरी दे दी है और इसमें अग्निवीरों को भर्ती में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही राज्य के सभी मंडलों में त्वरित प्रतिक्रिया टीमें (Quick Response Teams – QRT) बनाई जाएंगी, ताकि किसी भी आपदा या संवेदनशील स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। गृह सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें नई बटालियन की स्थापना को लेकर व्यापक रोडमैप तैयार किया गया। इस रोडमैप में आपदा प्रबंधन के बुनियादी ढांचे का विकास, जनशक्ति की तैनाती, विशेष प्रशिक्षण प्रोटोकॉल और परिचालन तत्परता पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रदेश सरकार ने पुलिस और गृह विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे बल को जल्दी से चालू करें। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एसडीआरएफ की स्थापना, संगठन, प्रशिक्षण और तैनाती के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हरियाणा के पास पहले से ही प्रशिक्षित आपदा प्रतिक्रिया कर्मियों का मजबूत बेस मौजूद है, जो किसी भी आपदा में त्वरित और प्रभावी मदद प्रदान कर सकते हैं। आईआरबी भोंडसी की पहली एसडीआरएफ बटालियन नोडल आपदा प्रतिक्रिया इकाई के रूप में कार्य कर रही है। इसमें 594 पुलिसकर्मी शामिल हैं, जिन्हें कोलैप्स स्ट्रक्चर सर्च एंड रेस्क्यू, फ्लड रेस्क्यू और केमिकल, बायोलाजिकल, रेडियोलाजिकल और न्यूक्लियर आपदा प्रतिक्रिया में प्रशिक्षित किया गया है। नई एसडीआरएफ बटालियन की स्थापना हरियाणा की आपदा प्रतिक्रिया क्षमता को और मजबूत करेगी।

# कदम खामोश थे, पर इरादे रहे बुलंद-कुछ ऐसे मनाई 5 साल की सफलता


द समर न्यूज़ के मुख्यालय मोहाली में आरंभित श्री सुखमणि साहिब का पाठ।


द समर न्यूज़ के मुख्यालय में कीर्तन करता हुआ रागी जत्था।


समर एक्सप्रेस अखबार को देखते हुए पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा।


मोहाली के मेयर अमरजीत सिंह जीती ने की शिरकत।


समर न्यूज के डायरेक्टर अर्शदीप सिंह समर, पायल मोहिंद्रा।


हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी ने द समर न्यूज़ की खुशियों में की शिरकत।


आप नेता दीपक बाली ने द समर न्यूज़ के पांच साल पूरे होने पर दी बधाई।




आप के बटाला विधायक अमन शेर सिंह शैरी कलसी समर न्यूज़ की टीम के साथ।


आप आदमी पार्टी पंजाब के मीडिया प्रभारी गुरभेज सिंह द समर न्यूज़ की खुशियों में हुए शामिल।



## तहेदिल से आभार



समर न्यूज के पांच वर्ष पूरे होने के इस पावन अवसर पर द समर न्यूज के मोहाली स्थित मुख्यालय में श्री सुखमणि साहब का पाठ करवाया गया और सरबत का भला मांगा गया। इस आयोजन में शामिल हुए सभी गणमान्य अतिथियों, समाजसेवियों और शुभचिंतकों का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। आपका स्नेह, विश्वास और समर्थन ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। बीते पांच वर्षों में आपने समर न्यूज को जो प्रेम दिया, उसी के बल पर हम आज पंजाब सहित कई राज्यों में आपकी आवाज बन सके हैं। हम वचन देते हैं कि आगे भी निष्पक्ष, जिम्मेदार और जनहित से जुड़ी पत्रकारिता को पूरी निष्ठा से जारी रखेंगे।

**अर्शदीप सिंह समर, डायरेक्टर**



समर न्यूज के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थित होकर हमें आशीर्वाद देने वाले सभी शुभचिंतकों और अतिथियों के प्रति मैं हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं। आप सभी का विश्वास और सहयोग ही समर न्यूज की असली पहचान है। बीते वर्षों में हमारा निरंतर प्रयास रहा है कि हर खबर को सच्चाई, संतुलन और जिम्मेदारी के साथ प्रस्तुत किया जाए। भविष्य में भी हम उसी निष्ठा और समर्पण के साथ समाज हित से जुड़ी खबरें आप तक पहुंचाते रहेंगे और आपके विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे।

**पायल मोहिंद्रा, डायरेक्टर**


समाजसेवी डॉ. बेणु राव द समर न्यूज़ की डायरेक्टर पायल मोहिंद्रा के साथ।


शिअद के नेता डॉ. दलजीत सिंह चीमा समर न्यूज़ के डायरेक्टर अर्शदीप सिंह समर के साथ।

www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:24 बजे
सूर्यास्त शाम 5:52 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-137 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • बुधवार 21 जनवरी 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

# पांच साल पहले चला था कारवां, जो अब एक बड़ा समूह बना





बाएं से तपिन मल्होत्रा, रितेश मोहिंद्रा, पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, द समर न्यूज के डायरेक्टर अर्शदीप सिंह समर, द समर न्यूज की डायरेक्टर पायल मोहिंद्रा, अंकुश ओबरॉए, पंजाब के कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, पंजाब के पूर्व शिक्षा मंत्री दलजीत सिंह चीमा, अर्शदीप क्लेर, रिकंल बेदी, चंदन स्वप्निल। -समर न्यूज

समर न्यूज। मोहाली

***हम चलते रहे जानिब-ए-मंज़िल और क़ाफ़िला बनता चला गया, ख़ामोश क़दमों का सफ़र, इक मिसाल बनता चला गया।***

कुछ ऐसा ही सफर रहा है पत्रकारिता के क्षेत्र में पांच साल का सफल सफर पूरा करने पर दसमर न्यूज का। पांच साल के इस सफलता के सफर के मौके पर समूह के मुख्यालय मोहाली में श्री सुखमणि साहब का पाठ श्रद्धा एवं भक्ति भाव से करवाया गया। इस अवसर पर कार्यालय में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश कराया गया और दोपहर को पाठ का भोग डाला गया। इस अवसर पर कीर्तनी जत्थे द्वारा संगत को गुरबाणी कीर्तन से निहाल किया गया।

श्री सुखमणि साहब के पाठ के दौरान माथा टेकने के लिए ट्राई सिटी, हरियाणा, हिमाचल, पंजाब के प्रमुख नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और समाजसेवियों ने द समर न्यूज कार्यालय पहुंचकर टीम को बधाई दी। इस अवसर पर द समर न्यूज के डायरेक्टर अर्शदीप सिंह समर एवं डायरेक्टर पायल मोहिंद्रा ने कार्यालय में पधारे सभी अतिथियों का तहेदिल से आभार व्यक्त किया।

डायरेक्टर अर्शदीप सिंह समर ने बताया कि लगभग पांच साल पहले उन्होंने द समर न्यूज की शुरुआत की थी। तब से अब तक टीम ने हर खबर को प्राथमिकता के साथ प्रसारित करते हुए जिम्मेदार और निष्पक्ष पत्रकारिता को अपना मूल मंत्र बनाया है। उन्होंने कहा कि आज समर न्यूज पंजाब के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान सहित अन्य राज्यों में दर्शकों की पहली पसंद बन चुका है।

डायरेक्टर पायल मोहिंद्रा ने कहा कि पांच साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित श्री सुखमणि साहब के पाठ में शहर के लोगों की बड़ी भागीदारी देखकर उन्हें विशेष प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा कि चाहे खबर हो या सामाजिक मुद्दा, समर न्यूज की टीम हर विषय को गंभीरता और प्राथमिकता के साथ जनता तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी समाज हित से जुड़ी जरूरी और सार्थक खबरें दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।

इस अवसर पर द समर न्यूज के एडिटर तपिन मल्होत्रा, समर एक्सप्रेस अखबार के एग्जीक्यूटिव एडिटर चंदन स्वप्निल तथा दसमर न्यूज हिमाचल के एडिटर मोहित प्रेम शर्मा ने कहा कि समर न्यूज समूह आगे भी जन सरोकारों से जुड़ी सशक्त और जिम्मेदार पत्रकारिता करता रहेगा।



## न्यूज ब्रीफ

### फ्रांस वाइन पर 200% टैरिफ की धमकी

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फ्रांस की वाइन और शैम्पेन पर 200% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। यह चेतावनी फ्रांस द्वारा गाजा के प्रशासन और पुनर्निर्माण के लिए प्रस्तावित अमेरिकी 'पीस बोर्ड' में शामिल होने से इनकार करने के बाद दी गई। जरूरत पड़ने पर वह फ्रांसीसी उत्पादों पर भारी शुल्क लगाएंगे। विवाद तब और बढ़ गया जब ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का एक कथित निजी संदेश लीक कर दिया, जिसमें मैक्रों ने ग्रीनलैंड नीति पर सवाल उठाए थे। गाजा, ग्रीनलैंड और टैरिफ जैसे मुद्दों ने मेरिका-फ्रांस संबंधों में नया तनाव पैदा कर दिया है।

### ट्रंप की ग्रीनलैंड नीति से बाजार में हड़कंप

**वॉशिंगटन डीसी।** भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1066 अंक (1.28%) टूटकर 82,180 और निफ्टी 353 अंक (1.38%) गिरकर 25,233 पर बंद हुआ। गिरावट की प्रमुख वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर जिद से बढ़ी वैश्विक अनिश्चितता मानी जा रही है। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच आईटी, फार्मा, बैंकिंग और ऑटो शेयरों में बिकवाली रही, जबकि रियल्टी इंडेक्स करीब 5% गिरा। एफआईआई ने 3,262 करोड़ की बिकवाली की, हालांकि डीआईआई की खरीदारी से कुछ सहारा मिला। विशेषज्ञ सतर्क निवेश की सलाह दे रहे हैं।

# सबरीमाला सोना चोरी मामलाः ईडी ने 3 राज्यों के 21 ठिकानों पर मारी रेड

### पीएमएलए के तहत जांच तेज, त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के पूर्व पदाधिकारी

एजेंसी | सबरीमाला



सबरीमाला अयप्पा मंदिर से जुड़े बहुचर्चित स्वर्ण चोरी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में एक साथ 21 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई कथित तौर पर मंदिर से जुड़े सोने से मढ़े तांबे के कलात्मक पैनलों और अन्य संपत्तियों के गबन से अर्जित अवैध धन को ठिकाने लगाने (मनी लॉन्ड्रिंग) की जांच के तहत की गई है। ईडी की यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के प्रावधानों के अंतर्गत चल रही है। एजेंसी ने 9 जनवरी 2026 को इस मामले में प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट दर्ज की थी। इससे पहले दिसंबर की शुरुआत में कोल्लम के जांच आयुक्त एवं विशेष न्यायाधीश ने ईडी को इस मामले में औपचारिक जांच की अनुमति दी थी। ईडी की कोच्चि जोनल इकाई द्वारा की गई छापेमारी में तिरुवनंतपुरम स्थित त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड का मुख्यालय भी शामिल रहा। इसके अलावा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और सीपीआईएम नेता ए. पद्मकुमार के अलप्पुझा जिले के अरनमुला स्थित आवास, मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी के पुलिमथु स्थित घर, पूर्व टीडीबी आयुक्त और अध्यक्ष एन वासु के पेट्टा स्थित आवास तथा पूर्व कार्यकारी अधिकारी मुरारी बाबू के कोट्टायम जिले के पेरुन्ना स्थित घर पर भी तलाशी ली गई। ईडी अधिकारियों ने तमिलनाडु के चेन्नई में स्थित 'स्मार्ट क्रिएशंस' नामक मेटल वर्क्स यूनिट के मालिक पंकज भंडारी के आवास और कार्यालय, तथा कर्नाटक के बल्लारी में इस मामले के आरोपी जौहरी गोवर्धन के निजी परिसरों पर भी छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान अर्धसैनिक बलों की मौजूदगी रही।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के उल्लंघन का आरोप

# धरने पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को माघ मेला प्रशासन का नोटिस

एजेंसी | प्रयागराज



प्रयागराज माघ मेले में बीते तीन दिनों से धरने पर बैठे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को मेला प्रशासन ने नोटिस जारी किया है। मेला प्राधिकरण ने उनसे 24 घंटे के भीतर यह स्पष्ट करने को कहा है कि वे स्वयं को ज्योतिषपीठ का शंकराचार्य किस आधार पर बता रहे हैं। यह नोटिस ज्योतिषपीठ शंकराचार्य पद से जुड़े विवाद और सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामले को आधार बनाकर जारी किया गया है। सोमवार देर रात करीब 12 बजे कानूनगो अनिल कुमार शंकराचार्य के शिविर पहुंचे और नोटिस सौंपने की कोशिश की, लेकिन शिष्यों ने रात का हवाला देते हुए नोटिस लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद मंगलवार सुबह प्रशासन की ओर से शिविर के गेट पर नोटिस चस्पा कर दिया गया। नोटिस माघ मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की ओर से जारी किया गया है। नोटिस में उल्लेख है कि ज्योतिषपीठ शंकराचार्य पद का मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। अदालत ने 14 अक्टूबर 2022 को आदेश दिया था कि अंतिम निर्णय आने तक किसी को भी शंकराचार्य घोषित नहीं किया जा सकता और न ही पट्टाभिषेक या छत्र-चंवर जैसे प्रतीकों का उपयोग किया जा सकता है। इसके बावजूद अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा अपने शिविर में स्वयं को "ज्योतिषपीठ का शंकराचार्य" लिखना अदालत के आदेश की अवहेलना माना गया है। इस पूरे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि शंकराचार्य की पहचान प्रशासन नहीं, बल्कि शंकराचार्य परंपरा तय करती है।

# नितिन नबीन बने भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष

### चुनाव के बाद भाजपा मुख्यालय में ऐलान,-अब नबीन करेंगे काम का आकलन

एजेंसी | नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल गया है। नितिन नबीन मंगलवार को भाजपा के निर्विरोध 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में उनके नाम का औपचारिक ऐलान किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नितिन नबीन को माला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, भाजपा ऐसी पार्टी है जहां सबसे बड़ी पहचान कार्यकर्ता की होती है। मैं खुद को भाजपा का कार्यकर्ता मानता हूं और नितिन जी मेरे बॉस हैं। अब वे मेरे काम का आकलन करेंगे और मेरी सीआर लिखेंगे।" पीएम के इस बयान को संगठन में कार्यकर्ता आधारित संस्कृति के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की प्रक्रिया सोमवार को पूरी हुई थी। किसी अन्य उम्मीदवार का नामांकन न आने के कारण वे निर्विरोध चुने गए। इससे पहले 14 दिसंबर 2025 को उन्हें पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। मंगलवार सुबह अध्यक्ष पद संभालने से पहले नितिन नबीन ने भगवान वाल्मीकि मंदिर, गुरुद्वारा बंगला साहिब, झंडेवाला मंदिर और कनॉट प्लेस हनुमान मंदिर में दर्शन किए।

### वरिष्ठ IPS अधिकारी के रामचंद्र राव पर लगे गंभीर आरोप, सरकार ने जांच के दिए आदेश

# 'स्लीज' वीडियो विवाद में कर्नाटक के DGP सस्पेंड

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक में एक बड़े प्रशासनिक और राजनीतिक विवाद ने तूल पकड़ लिया है। सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक (सिविल राइट्स एनफोर्समेंट) के. रामचंद्र राव को सोमवार देर रात निलंबित कर दिया गया। राज्य सरकार ने इन वीडियो के संबंध में औपचारिक जांच के आदेश दिए हैं। इन वीडियो में वरिष्ठ IPS अधिकारी को कथित तौर पर अपने कार्यालय के भीतर महिलाओं के साथ आपत्तिजनक स्थिति में दिखाया गया है, हालांकि इनकी प्रामाणिकता की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इस मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि विस्तृत जांच के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, हम कार्रवाई करेंगे। कानून से ऊपर कोई नहीं है, चाहे अधिकारी कितना ही वरिष्ठ क्यों न हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्हें सोमवार को ही इस मामले की जानकारी मिली, जिसके बाद तुरंत जांच के निर्देश दिए गए। राव का निलंबन ऐसे समय में हुआ, जब कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए और इसे लेकर राजनीतिक हलकों में भारी आक्रोश देखने को मिला। कई सामाजिक कार्यकर्ताओं और संगठनों ने राज्य और केंद्र सरकार से शिकायतें दर्ज कराईं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि वीडियो की स्रोत और सत्यता की जांच की जाएगी और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। इस बीच, के. रामचंद्र राव ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को खारिज करते हुए वीडियो को "मनगढ़ंत, झूठा और करियर को बदनाम करने की साजिश" बताया है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

### पेज 1 एंकर स्टोरी — महादेवगढ़ मंदिर में वैदिक रीति-रिवाजों से विवाह

# खंडवा में बचपन के प्यार के लिए धर्म परिवर्तन

एजेंसी | खंडवा



मध्य प्रदेश के खंडवा जिले से धर्म परिवर्तन और विवाह को लेकर चर्चा में आया एक मामला सामने आया है। यहां एक मुस्लिम युवती ने अपने बचपन के प्रेम को जीवनसाथी बनाने के लिए सनातन धर्म अपनाया और फिर हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह किया। युवती ने अपना नाम सफीना से बदलकर सिमरन रख लिया है। यह विवाह खंडवा के प्रसिद्ध महादेवगढ़ मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार, युवती मूल रूप से छिंदवाड़ा जिले की निवासी है और लंबे समय से अपने बचपन के मित्र संत कुमार ठाकुर से प्रेम करती थी। महादेवगढ़ पहुंचने के बाद उसने मंदिर के संचालक अशोक पालीवाल से मुलाकात की, जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ उसने सनातन धर्म में घर वापसी की। धर्म परिवर्तन के बाद सिमरन और संत कुमार ने सात फेरे लेकर विवाह किया। मीडिया से बातचीत में सिमरन ने कहा कि यह निर्णय उसने पूरी तरह अपनी इच्छा और आस्था के आधार पर लिया है। उसने बताया कि सनातन धर्म के प्रति उसका लगाव लंबे समय से रहा है और वह महिलाओं को मिलने वाले सम्मान और समान अधिकारों से प्रभावित रही है। सिमरन ने यह भी स्पष्ट किया कि परिवार की असहमति के बावजूद उसने किसी दबाव या लालच में नहीं, बल्कि अपने विश्वास के अनुसार यह कदम उठाया।

# कोझिकोड में 4 साल की मासूम से दुष्कर्म

### बच्ची के बयान के बाद हरकत में आई पुलिस, 22 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी | कोझिकोड

केरल के कोझिकोड जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां चार साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। यह घटना मुक्कम इलाके की बताई जा रही है। बच्ची ने जब आंगनवाड़ी केंद्र में अपनी टीचर से निजी अंगों में दर्द की शिकायत की, तब इस जघन्य अपराध का खुलासा हुआ। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 22 वर्षीय आरोपी मुहम्मद मिथिलाज को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी वायनाड का रहने वाला है और वह अक्सर अपने दोस्त के घर आया-जाया करता था, जहां बच्ची अपने परिवार के साथ रहती थी। परिवार और रिश्तेदारों को इस बात का कोई अंदेशा नहीं था कि जिस युवक पर उन्होंने भरोसा किया था, वही बच्ची के साथ यौन शोषण कर रहा है। घटना उस समय उजागर हुई जब आंगनवाड़ी केंद्र पहुंची बच्ची ने अपने शरीर और निजी अंगों में दर्द की बात टीचर को बताई। संवेदनशीलता के साथ पूछताछ करने पर बच्ची ने संकेतों में बताया कि घर आए "बड़े भाई" ने उसके साथ गलत हरकत की है। इसके बाद टीचर ने तुरंत बच्ची के माता-पिता को जानकारी दी और पुलिस को सूचित किया गया। माता-पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और वायनाड से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि बच्ची को आवश्यक चिकित्सकीय जांच और काउंसलिंग उपलब्ध कराई जा रही है।

# प्रशासनिक सुधार से लेकर किसानों को राहत तक हरपाल चीमा ने रखीं सरकार की नीतियां

## वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा बोले; सरकार एक हजार नए योग ट्रेनर नियुक्त करेगी

शालू मिरोक | चंडीगढ़
समर न्यूज़

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने सरकार के हालिया फैसलों और नीतिगत बदलावों की जानकारी देते हुए कहा कि इन कदमों का उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रिया को सरल बनाना, राजस्व बढ़ाना और आम लोगों को बेहतर सुविधाएं देना है।

उन्होंने बताया कि अब तक शहरी जमीनों के विभिन्न विभागों में तब्दील होने के दौरान कई तरह की दिक्कतें आती थीं। अलग-अलग विभागों के अधिकार होने के कारण फैसले लटक जाते थे और जनता को परेशानी झेलनी पड़ती थी। इस समस्या को दूर करने के लिए अब सभी अधिकार डिप्टी कमिश्नर (डीसी) की अगुवाई वाली कमेटी को सौंप दिए गए हैं, जिससे निर्णय प्रक्रिया तेज होगी और पारदर्शिता बढ़ेगी।

हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पहले सरकारी रास्ते और ज़मीनें लोकल बॉडी महकमे के अधीन शहरों में चली जाती थीं, जिससे राज्य सरकार को कोई सीधा राजस्व नहीं मिलता था। अब इस व्यवस्था में बदलाव किया गया है, ताकि राज्य को इसका आर्थिक लाभ मिल सके और सरकारी संसाधनों का बेहतर उपयोग हो।

पापरा एक्ट के तहत प्रोजेक्ट्स को राहत देते हुए सरकार ने फैसला किया है कि अब 25 हजार रुपये प्रति एकड़ फीस देकर प्रोजेक्ट की समय-सीमा तीन साल तक बढ़ाई जा सकेगी। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को राहत मिलेगी और अधूरे प्रोजेक्ट्स को पूरा करने में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य



से पंजाब के सिविल अस्पताल बादल, खडूर साहिब, जलालाबाद और फाजिल्का को बाबा फरीद यूनिवर्सिटी के अंतर्गत ट्रांसफर कर दिया गया है। इससे मेडिकल शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है।

सीएम योगशाला योजना पर बात करते हुए चीमा ने बताया कि इस समय राज्य में 635 योगा ट्रेनर लोगों को योग सिखा रहे हैं। सरकार ने 1000 और योग ट्रेनर नियुक्त करने का फैसला लिया है। नए ट्रेनर्स को 8 महीने की फील्ड ट्रेनिंग दी जाएगी, इस दौरान उन्हें 8,000 रुपये मासिक वजीफा मिलेगा और ट्रेनिंग पूरी होने के बाद 25,000 रुपये मासिक वेतन दिया जाएगा। इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा और लोगों को स्वास्थ्य लाभ होगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजाब सिविल सर्विस में आवेदन की अंतिम तारीख तक उम्मीदवार के पास न्यूनतम योग्यता होना अनिवार्य होगी। इसके साथ ही पंजाब कर विभाग में सुपरिटेंडेंट पद के लिए नए नियमों को भी मंजूरी दे दी गई है।

किसानों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए सरकार ने कहा है कि निजी क्षेत्र की मिलों को सरकार किसानों के लिए 68.50 पैसे प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करेगी। इससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य सुनिश्चित होगा।

फसली विविधता को बढ़ावा देने के लिए जापान के साथ एक विशेष प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। वर्तमान में पंजाब में बागवानी का रकबा लगभग 6 प्रतिशत है, जिसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और खेती अधिक टिकाऊ बनेगी। इसके अलावा सरकार ने "हमारे राम" शो को दिखाने की भी मंजूरी दी है। आशुतोष राणा द्वारा अभिनीत यह शो पंजाब के 40 बड़े शहरों में दिखाया जाएगा, जिससे सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को मनोरंजन के साथ-साथ सांस्कृतिक संदेश भी मिलेगा।

### हल जागीर के पास पुलिस मुठभेड़

# फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार, एक घायल

समर न्यूज़ | जालंधर



जालंधर पुलिस ने सोहल जागीर के पास हुई मुठभेड़ के बाद फायरिंग की घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस निगरानी में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से अवैध हथियार, कारतूस और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

सीनियर पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह विर्क ने बताया कि 11 जनवरी 2026 को गांव सोहल जागीर निवासी सुखचैन सिंह के घर पर फायरिंग की घटना हुई थी। इस संबंध में थाना शाहकोट में भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। गंभीरता को देखते हुए विशेष पुलिस टीमें गठित की गईं।

जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो आरोपी हथियारों के साथ इलाके में घूम रहे हैं। नाकाबंदी के दौरान पुलिस को देखकर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में आरोपी करनेवीर के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे आरोपी अंगरेज सिंह को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने एक .30 बोर पिस्तौल, जिंदा और खाली कारतूस तथा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की। जांच में खुलासा हुआ कि यह घटना विदेश से रची गई साजिश




का हिस्सा थी। मुख्य आरोपी बलवंत सिंह उर्फ बंता अमेरिका में रह रहा है, जबकि उसके सहयोगी फिलीपींस से सक्रिय थे। पुलिस ने विदेश में बैठे आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### लुधियाना में गैस सिलेंडर ब्लास्ट, इलाके में दहशत का माहौल

# छत और दीवारें गिरीं, युवती बाल-बाल बची

समर न्यूज़ | लुधियाना

थाना डिवीजन नंबर-2 क्षेत्र में सोमवार सुबह एक घर में गैस सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि कमरे की छत उड़ गई और दीवारें भरभराकर गिर गईं। गनीमत रही कि ब्लास्ट से कुछ मिनट पहले घर में मौजूद युवती बाहर निकल आई, जिससे किसी प्रकार की जानमाल की हानि नहीं हुई। तेज धमाके की आवाज से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। आवाज सुनते ही आसपास के घरों से लोग बाहर निकल आए। कई लोगों को पहले लगा कि कहीं बम ब्लास्ट हुआ है, लेकिन बाद में पता चला कि एक घर में गैस सिलेंडर फट गया है। सूचना मिलते ही थाना डिवीजन नंबर-2 की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पीड़ित परिवार की महिला पुष्पा ने बताया कि उनकी बेटी घर पर अकेली रहती है।



दिन में एक लड़की उनके घर आई थी, जिसने गैस जलाकर कुछ काम किया और फिर चली गई। इसके बाद गैस पाइप में आग लग गई, जो धीरे-धीरे सिलेंडर तक पहुंच गई। आग देखकर उनकी बेटी तुरंत घर से बाहर निकल आई। कुछ ही देर बाद सिलेंडर में जोरदार धमाका हो गया। ब्लास्ट के कारण कमरे की छत और दीवारें गिर गईं, जबकि घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। पुष्पा ने बताया कि वह और उनके पति दोनों फैक्ट्री में नौकरी करते हैं और बेटी घर पर अकेली रहती है। उन्होंने यह भी बताया कि बेटी के सिर में पहले से चोट लगी हुई है। मोहल्ला निवासियों के अनुसार धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि पूरा इलाका गूंज उठा और लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। चौकी जनकपुरी के इंचार्ज एएसआई सतनाम सिंह ने बताया कि जिस घर में ब्लास्ट हुआ है, वहां एक ही बेटी रहती है, जो स्पेशल चाइल्ड है। उसने खाना बनाने के लिए गैस जलाई और बाहर चली गई। कुछ देर बाद आग लग गई, जिसके चलते सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# फोकल प्वाइंट में दिनदहाड़े मोबाइल झपटमारी

## दो झपटमारों ने साइकिल सवार का फोन छीना, पीछा कर लोगों ने दबोचे आरोपी

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

फोकल प्वाइंट इलाके में जीवन अगर चौक स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने दिनदहाड़े मोबाइल झपटमारी की वारदात सामने आई है। मोटरसाइकिल सवार दो झपटमार एक साइकिल सवार युवक की जेब से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए, लेकिन सतर्क नागरिकों की मदद से दोनों आरोपियों को मौके पर ही काबू कर लिया गया। पीड़ित युवक की पहचान ओम प्रकाश, निवासी गली नंबर 13, जीवन नगर के रूप में हुई है। ओम प्रकाश ने बताया कि वह अपने घर से कहीं जा रहा था और उसका मोबाइल फोन कमीज की जेब में रखा हुआ था। जैसे ही वह पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा, पीछे से आए मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उसकी जेब से मोबाइल निकाल लिया और मौके




से फरार हो गए।घटना के तुरंत बाद ओम प्रकाश के शोर मचाने पर एक अन्य मोटरसाइकिल सवार युवक ने झपटमारों का पीछा करना शुरू कर दिया। आरोपी जमालपुर के अर्बन स्टेट की ओर भागे और डीसीएम स्कूल की गली में मुड़ गए। स्कूल में छुट्टी के समय सड़क पर अधिक भीड़ होने के कारण उनकी मोटरसाइकिल की रफ्तार धीमी हो गई। इसी दौरान पीछा कर रहे युवक ने अपनी मोटरसाइकिल आरोपियों की मोटरसाइकिल से टकरा दी, जिससे दोनों झपटमार गिर पड़े। गिरते ही आरोपी भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। घटना की सूचना तुरंत थाना फोकल प्वाइंट को दी गई। सूचना मिलते ही थाना फोकल प्वाइंट से एएसआई मंगल सिंह मौके पर पहुंचे और दोनों आरोपियों को मोटरसाइकिल समेत कब्जे में लेकर थाना ले गए। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# देह व्यापार का भंडाफोड़ होटल मैनेजर गिरफ्तार

समर न्यूज़ | जीरकपुर

पंजाब के जीरकपुर में पुलिस ने देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध धंधे का पर्दाफाश किया है। एएसपी ग़ज़ल प्रीत कौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रंजन प्लाज़ा क्षेत्र में स्थित एक बिना बोर्ड वाले होटल पर छापा मारकर होटल के मैनेजर को गिरफ्तार किया, जबकि तीन युवतियों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। पुलिस को उक्त होटल में लंबे समय से अवैध गतिविधियों की गुप्त सूचनाएं मिल रही थीं। बताया जा रहा था कि होटल में संदिग्ध लोगों की लगातार आवाजाही बनी रहती थी। इन्हीं शिकायतों के आधार पर पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई को अंजाम दिया। छापेमारी के दौरान होटल से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई, जिससे वहां देह व्यापार संचालित होने की पुष्टि हुई। कार्रवाई के समय होटल का मालिक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। गिरफ्तार मैनेजर से पूछताछ जारी है, जिससे कई अहम जानकारियां सामने आने की उम्मीद है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि होटल में बाहरी राज्यों से युवतियों को लाकर देह व्यापार कराया जा रहा था। रेस्क्यू की गई युवतियों में एक नेपाल, एक मणिपुर और एक पंजाब की रहने वाली है। पुलिस ने तीनों युवतियों को मेडिकल जांच और काउंसलिंग के लिए संबंधित विभागों को सौंप दिया है। साथ ही मामले में मानव तस्करी के एंगल से भी जांच की जा रही है। होटल को सील करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एएसपी ग़जल प्रीत कौर ने बताया कि जीरकपुर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी सख्ती से जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### श्रम मंत्री ने जारी की हैंडबुक, पंजाब बिल्डिंग वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड की योजनाओं पर फोकस

# निर्माण श्रमिक कल्याण योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड द्वारा श्रम विभाग के साझेदारों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके दौरान श्रम मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बोर्ड की योजनाओं और प्रक्रियाओं पर आधारित एक हैंडबुक जारी की।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंजाब बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड की योजनाओं, प्रक्रियाओं और समय-सीमाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना तथा निर्माण श्रमिकों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए श्रमिक-हितैषी दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर श्रम सुधारों पर एक पैनल चर्चा भी की गई, जिसमें क्रियान्वयन से जुड़ी चुनौतियों और क्षेत्रीय अनुभवों पर ध्यान केंद्रित किया गया। चर्चा के दौरान नए लेबर कोड्स के तहत बोर्ड की योजनाओं के प्रक्रियात्मक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया और




पारदर्शिता, अनुपालन में सहजता तथा साझेदारों के बीच समन्वय पर जोर दिया गया।

समारोह के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों को सम्मानित किया गया और संबंधित उपायुक्तों को प्रशंसा पत्र भेंट किए गए। कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सहायक श्रम आयुक्तों और श्रम निरीक्षकों को भी प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

अनुराग कुंडू, सदस्य पीडीसी तथा सचिव श्रम मनवेश सिंह सिद्धू ने बोर्ड द्वारा प्रक्रियाओं को सरल बनाने, अनावश्यक दस्तावेजों को कम करने और कल्याणकारी योजनाओं की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए किए गए सुधारों पर प्रकाश डाला। इस दौरान निर्माण श्रमिकों तक पहुंच और सेवाएं प्रदान करने के संबंध में बोर्ड की उपलब्धियों को भी साझा किया गया। राजीव गुप्ता, श्रम आयुक्त-सह-सचिव, पंजाब बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड, उप सचिव पदमजीत सिंह तथा पंजाब विकास आयोग के कर्मचारियों को हैंडबुक तैयार करने में उनके प्रयासों और अनावश्यक प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं को कम करने हेतु की गई पहलों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में निदेशक ग्रामीण विकास अमित तलवार, डीसी संगरूर राहुल चब्बा, पटियाला और फाजिल्का के एडीसी, सहायक श्रम आयुक्त, उप निदेशक फैक्ट्रियां, श्रम निरीक्षक तथा पंजाब बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड और श्रम कल्याण बोर्ड के कर्मचारी भी शामिल हुए।

# फायरिंग केस का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## क्राइम ब्रांच ने किया खुलासा, आरोपी तीन दिन के रिमांड पर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

सेक्टर-32 स्थित सेवक फार्मेसी पर हुई फायरिंग की वारदात में क्राइम ब्रांच ने बड़ा खुलासा करते हुए मामले के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान राहुल उर्फ डॉक्टर के रूप में हुई है, जो वारदात स्थल के पास ही कई लैब संचालित करता है। पुलिस ने आरोपी को जिला अदालत में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान यह जांच की जा रही है कि आरोपी ने किन-किन लोगों के मोबाइल नंबर गैंगस्टर साबा गोबिंदगढ़ तक पहुंचाए। जांच में यह भी सामने आया है कि धमकी भरी ऑडियो रिकॉर्डिंग आरोपी राहुल के जरिए ही वायरल की गई थी। उसने ये रिकॉर्डिंग पुलिसकर्मियों समेत कई लोगों को भेजीं ताकि खुद को मामले से अलग और जांच में मददगार दिखा सके। जांच में सामने आया है कि आरोपी खुद को बचाने के लिए शूटरों को पकड़वाने की कोशिश कर रहा था ताकि उसका नाम सामने न आए। बार-बार पुलिस को फोन करना और जरूरत से ज्यादा सक्रियता दिखाना ही उसकी सबसे बड़ी गलती साबित हुई, जिसके चलते वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार राहुल सीधे लॉरेंस गैंग के करीबी गैंगस्टर साबा गोबिंदगढ़ के संपर्क में था। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने सेवक फार्मेसी के मालिक के अलावा एक टैक्सी स्टैंड मालिक और तीन से चार इमिग्रेशन संचालकों के मोबाइल नंबर साबा को मुहैया कराए थे। इन लोगों को गैंगस्टर ने रंगदारी के लिए धमकी भरे कॉल किए थे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक पिस्टल भी बरामद की है। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क, पैसों के लेन-देन और साजिश की सभी कड़ियों को जोड़ने में जुटी हुई है।

> **राहुल और रिक्की ने की थी फायरिंग**
>
> पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि सेवक फार्मेसी पर फायरिंग राहुल और रिक्की ने मिलकर की थी। इन्हीं के जरिए गैंगस्टर साबा गोबिंदगढ़ से संपर्क स्थापित किया गया। वारदात के बाद दोनों आरोपियों ने एक टैक्सी चालक को बुलाया और उसके साथ फरार हो गए। शुरुआती पूछताछ में टैक्सी चालक को इस बात की जानकारी नहीं थी कि आरोपी फायरिंग कर आए हैं। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई एक्टिवा भी बरामद कर ली है। सूत्रों के मुताबिक, वारदात के बाद राहुल सेक्टर-34 थाना पुलिस, ऑपरेशन सेल और अन्य अधिकारियों को लगातार फोन करता रहा। उसने दावा किया कि सीसीटीवी में कैद आवाज और चाल से उसने शूटरों की पहचान कर ली है और इसी आधार पर वह पुलिस को लगातार लीड देता रहा। हालांकि, उसकी गतिविधियों पर शक होने पर क्राइम ब्रांच ने उसे हिरासत में लिया। इंस्पेक्टर सतविंदर ढुहन की सख्त पूछताछ में आरोपी टूट गया और अपनी भूमिका कबूल कर ली।

# OMR शीट से छेड़छाड़ कर 38 अभ्यर्थियों को दिलाई सरकारी नौकरी

समर न्यूज़ | जयपुर

राजस्थान में सरकारी भर्तियों को लेकर एक बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने OMR शीट में हेरफेर कर अभ्यर्थियों के नंबर बढ़ाने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB) के तकनीकी प्रमुख सहित कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक महिला अभ्यर्थी भी शामिल है। जांच में सामने आया कि तीन भर्ती परीक्षाओं में 38 अभ्यर्थियों को फर्जी तरीके से सरकारी नौकरी दिलवाई गई। आरोपियों ने OMR शीट स्कैनिंग के बाद डाटा से छेड़छाड़ कर अंकों में अवैध बढ़ोतरी की। गिरफ्तार महिला अभ्यर्थी के वास्तविक 63 अंक थे, जिन्हें बढ़ाकर 182 दिखाया गया। एसओजी ने उत्तर प्रदेश से करीब 60 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। जांच जारी है।

# शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने की ऑपरेशन प्रहार की सराहना

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

राज्य से गैंगस्टरवाद और आपराधिक ताकतों को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ और स्पष्ट रुख अपनाते हुए पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने आज 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत गैंगस्टरों और समाज-विरोधी तत्वों के खिलाफ पंजाब पुलिस द्वारा की जा रही अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की सराहना की। यह ऑपरेशन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की आतंकवाद, गैंगस्टरवाद और संगठित अपराध के प्रति जीरो-टॉलरेंस नीति को दर्शाता है। बैंस ने कहा, 'मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व में पंजाब की शान और सुरक्षा के लिए जंग की शुरुआत हो गई है।' उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस द्वारा गैंगस्टरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए 2,000 टीमें, जिनमें 12,000 से अधिक पुलिस कर्मचारी शामिल हैं, के साथ मिसाली कार्रवाई शुरू की गई है। पूरी फोर्स पंजाब से गैंगस्टरों को जड़ से खत्म करने में जुटी हुई है। पंजाब पुलिस के जज्बे और प्रतिबद्धता को सलाम करते हुए बैंस ने कहा कि बीती देर रात शुरू हुए और 72 घंटे चलने वाले इस ऑपरेशन के दौरान पूरे तालमेल के साथ गैंगस्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री मान व्यक्तिगत रूप से इस ऑपरेशन पर नजदीकी नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि यह शांति-कानून के दुश्मनों के खिलाफ जंग का ऐलान है। शिक्षा मंत्री ने अमृतसर और फतेहगढ़ साहिब में हुए पुलिस मुकाबलों की शुरुआती रिपोर्टों का हवाला देते हुए इस ऑपरेशन के दृढ़ इरादे और तुरंत कार्रवाई को सबूत के रूप में पेश किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इससे हमारे खूबसूरत राज्य और महान देश में अस्थिरता फैलाने की साजिशें नाकाम होंगी।

**रस्साकशी** — मेयर पद पर आप लड़ेगी, डिप्टी पदों पर लड़ेगी कांग्रेस

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव; कांग्रेस-आप मिलकर लड़ेंगी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ नगर निगम मेयर चुनाव इस बार भी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) गठबंधन के तहत मिलकर लड़ेंगी। दोनों दलों के नेताओं के बीच इस संबंध में बैठक हो चुकी है। गठबंधन के अनुसार मेयर पद पर आम आदमी पार्टी उम्मीदवार उतारेगी, जबकि सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पदों के लिए कांग्रेस अपने प्रत्याशी घोषित करेगी।

इसकी जानकारी चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष एचएस लक्की ने दी। इस दौरान सांसद मुनीष तिवारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

एचएस लक्की ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में गठबंधन की स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के उम्मीदवारों के चयन के लिए आज उनके आवास पर कांग्रेस पार्षदों की बैठक बुलाई गई है।

देर रात तक दोनों पदों के लिए नाम तय किए जाने की संभावना है, जबकि 22 जनवरी को नामांकन से ठीक पहले आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

इससे पहले आम आदमी पार्टी के चंडीगढ़ प्रभारी जरनैल सिंह की एक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद गठबंधन को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई थी, जिससे दोनों दलों के बीच मतभेद की अटकलें तेज हो गई थीं। हालांकि अब दोनों पार्टियां फिर से एकजुट होती नजर आ रही हैं।

> **एक वोट से तय होगा मेयर का चुनाव**
>
> चंडीगढ़ नगर निगम में कुल 35 पार्षद हैं। मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद जीतने के लिए 19 वोटों की जरूरत होती है। वर्तमान में भाजपा के पास 18 पार्षद हैं, आम आदमी पार्टी के पास 11 और कांग्रेस के पास 6 पार्षद हैं। इस तरह कांग्रेस और आप के कुल 17 पार्षद होते हैं। हालांकि कांग्रेस सांसद मुनीष तिवारी का भी इस चुनाव में वोट होगा, जिससे कांग्रेस–आप गठबंधन और भाजपा—दोनों के पास 18-18 वोट हो जाते हैं।

> **दो पार्षदों के दल बदलने से बदला गणित**
>
> साल 2021 में हुए नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी 14 पार्षदों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, जबकि भाजपा के 12 और कांग्रेस के 8 पार्षद जीते थे। नगर निगम के अंतिम वर्ष में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। 24 दिसंबर को आम आदमी पार्टी की दो पार्षद सुमन और पूनम के भाजपा में शामिल होने के बाद भाजपा के पार्षदों की संख्या 18 हो गई, जिससे राजनीतिक समीकरण बदल गए।

> **जरनैल सिंह के ट्वीट से बढ़ी थीं दूरियां**
>
> आम आदमी पार्टी के चंडीगढ़ प्रभारी और दिल्ली के विधायक जरनैल सिंह द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की तस्वीर साझा कर चंडीगढ़ में मेयर भाजपा तथा डिप्टी पद कांग्रेस को दिए जाने पर सवाल उठाए जाने के बाद दोनों दलों के बीच दूरियां बढ़ गई थीं। हालांकि अब दोनों दलों ने मतभेद भुलाकर एक बार फिर गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

# पत्रकार विकास मल्होत्रा के भाई हनी मल्होत्रा का हुआ निधन

## हृदय गति रुकने से हुआ आकस्मिक निधन

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार विकास मल्होत्रा के बड़े भाई हनी मल्होत्रा (45) का सोमवार रात करीब आठ बजे हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। मंगलवार को गऊशाला रोड स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार किया गया।

परिजनों के अनुसार, सोमवार शाम घर पर ही हनी मल्होत्रा को अचानक सीने में दर्द हुआ और वे बेहोश हो गए। उन्हें तुरंत सीएमसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

निधन की खबर मिलते ही ताजपुर रोड डेयरी कॉम्प्लेक्स स्थित उनके निवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।

मंगलवार दोपहर करीब एक बजे उनकी पार्थिव देह का अंतिम संस्कार किया गया। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र वैभव मल्होत्रा और प्रयाग मल्होत्रा ने दी।

इस दौरान सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं और पत्रकार जगत से जुड़े सैकड़ों लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

हनी मल्होत्रा अपने पीछे पत्नी वंदना मल्होत्रा, दो पुत्र, माता-पिता और भाइयों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम संस्कार में पूर्व विधायकों, पार्षदों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और पत्रकारों ने अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।